
राजधानी रायपुर की कालीमाता मंदिर में जली 4100 आस्था की ज्योत

# दैनिक भास्कर दूत

हर ख़बर पर नज़र

दिल में छत्तीसगढ़

रायपुर एवं राजनांदगांव से एक साथ प्रकाशित

डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/68/2022-24

web- www. bhaskardoot.com








◆ वर्ष-11 ◆ अंक - 269 रायपुर एवं राजनांदगांव से एक साथ प्रकाशित ◆ RNI-CHHHIN/2014/55697 ◆ रायपुर, बुधवार 09 अक्टूबर 2024 ◆ पृष्ठ-8 ◆ मूल्य - 02 रुपये


## तीसरी बार हरियाणा फिर हुआ भगवामय,तो जम्मूकश्मीर में कांग्रेस और एनसी की बनेगी साझा सरकार

**चंडीगढ़/श्रीनगर।** हरियाणा में BJP रिकॉर्ड लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। हरियाणा में बीजेपी सुनामी ऐसी आई कि कांग्रेस दूर बह गई। किसान-पहलवान आंदोलन और अग्निवीर मुद्दा भी कांग्रेस (Congress) को हरियाणा में वापसी नहीं करा पाया। 90 सीटों वाले विधानसभा में बीजेपी 49 सीटों के साथ सत्ता बना ली और कांग्रेस सिर्फ 36 सीट पर सिमत कर रह गई। BJP की सत्ता में वापसी पर मुहर लगते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यवाहक सीएम नायब सिंह सैनी को फोन कर बधाई दी।


वहीं सीएम सैनी ने जीत का श्रेय पीएम नरेन्द्र मोदी को देते हुए भाजपा पर विश्वास जताने के लिए हरियाणा की जनता का भी धन्यवाद दिया। सैनी ने कहा कि मैं हरियाणा के लोगों का धन्यवाद करता हूं और मैं इसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को देता हूं। उनके आशीर्वाद से और उनकी नीतियों पर हरियाणा के लोगों ने मुहर लगाई है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह ऐतिहासिक जीत हुई है।

### डेढ़ घंटे में रुझान कांग्रेस के हाथ से निकले

मतगणना सुबह 8 बजे शुरू हुई। रुझान आते ही कांग्रेस ने बढ़त बना ली थी और कुछ देर तक एक तरफा जीत की ओर थी। पार्टी ने 65 सीटों को छू लिया था। भाजपा कम होकर 17 सीटों पर आ गई थी। इसका नीतजा था कि कांग्रेस दफ्तर में जलेबी और लड्डू बांटने का सिलसिला शुरू हो गया था। लेकिन 9:30 बजे भाजपा टक्कर में आई और दोनों पार्टियों में दो सीटों का अंतर रह गया। सुबह 9:44 बजे एक समय ऐसा भी आया जब दोनों पार्टी 43-43 सीटों पर आ गईं। इसके बाद भाजपा 51 सीटों तक पहुंच गई थी।

**कश्मीर में पीडीपी का हुआ बुरा हाल**

| | | | |
|---|---|---|---|
| जम्मू और कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी - जेकेपीडीपी | 3 | 0 | 3 |
| जम्मू और कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस - जेपीसी | 1 | 0 | 1 |
| भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) - सीपीआई | 1 | 0 | 1 |
| जम्मू और कश्मीर राष्ट्रीय सम्मेलन - जेकेएन | 42 | 0 | 42 |
| भारतीय जनता पार्टी - बीजेपी | 29 | 0 | 29 |
| भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस - INC | 6 | 0 | 6 |




### बीजेपी ने 25 टिकट बदले, उनमें 16 कैंडिडेट जीते

2024 चुनाव से पहले बीजेपी ने 25 सीटों पर टिकट बदल दिए। ट्रेंड्स के मुताबिक इनमें से 16 कैंडिडेट्स ने जीत हासिल की। इसे ऐसे समझिए कि बीजेपी ने कुल 90 सीटों पर कैंडिडेट उतारे, उनमें से 49 जीत रहे हैं यानी करीब 56%। वहीं बीजेपी ने 25 सीटों पर टिकट बदले, उनमें 16 जीत रहे हैं यानी करीब 67%। यानी बीजेपी के टिकट बदलने का फॉर्मूला काम कर गया।

**हरियाणा में बीजेपी की सुनामी में बही कांग्रेस, किसान-पहलवान आंदोलन और अग्निवीर मुद्दा भी रहा बेअसर**

RSS के बैकग्राउंड और पंजाबी समुदाय से आने वाले मनोहर लाल खट्टर करीब 9.5 साल तक हरियाणा के सीएम रहे। चुनाव से 6 महीने पहले मार्च 2024 में खट्टर की जगह नायब सिंह सैनी को सीएम बनाया गया। हरियाणा की करीब 44% OBC आबादी को अपनी ओर करने का दांव चला। इसके अलावा पार्टी ने सर्वे में पाया कि किसान आंदोलन और महिला पहलवानों के विरोध के कारण खट्टर के खिलाफ एंटी-इनकम्बेंसी लहर है। इसके अलावा खट्टर चुनाव प्रचार से भी नदारद रहे। यहां तक कि राज्य के ज्यादातर पोस्टर्स में खट्टर का चेहरा नहीं दिखा। पीएम नरेंद्र मोदी ने हरियाणा में 4 रैलियां कीं। इनमें से केवल एक रैली में ही खट्टर मौजूद रहे। सीनियर जर्नलिस्ट पवन पवन कुमार बंसल बताते हैं।

### हरियाणा की सीटो पर नज़र

**लाडवा सीट-** सीएम नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस प्रत्याशी मेवा सिंह को 16054 वोटों से हराया।

**गढ़ी-सांपला सीट-** कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा 71465 वोट से चुनाव जीत गए हैं।

**ऐलनाबाद सीट-** इनेलो महासचिव अभय सिंह चौटाला 15 हजार वोट से चुनाव हार गए हैं। इस सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी भरत सिंह बेनीवाल ने जीत दर्ज की है।

**जुलाना सीट-** कांग्रेस कैंडिडेट विनेश फोगाट ने 6015 वोटों से जीत दर्ज की है। उन्होंने BJP के उम्मीदवार कैप्टन योगेश बैरागी को हराया है।

**हिसार सीट-** देश की सबसे अमीर महिला प्रत्याशी सावित्री जिंदल ने 18941 वोटों से जीत दर्ज की है।

**तोशाम सीट-** बंसीलाल के पोते और कांग्रेस उम्मीदवार अनिरुद्ध चौधरी तोशाम सीट से चुनाव हार गए हैं। उन्हें बंसीलाल की पोती और भाजपा उम्मीदवार श्रुति चौधरी ने हराया।

## हरियाणा में जीत के है ये चार चाणक्य चुपचाप कर दिया चमत्कार

**बीजेपी के चार प्रभारियों ने सभी सीटों पर माइ क्रोमैनेजमेंट किया. उन्होंने जातिगत समीकरणों को साधा, उम्मीदवारों का चयन उसी हिसाब से किया और मुद्दे तय किए, जिसने जीत में अहम भूमिका निभाई।**



**नई दिल्ली।** हरियाणा में एक बार फिर से बीजेपी सरकार बना रही है. लगभग पांच दशक बाद यहां कोई पार्टी जीत की %हैट्रिक% बनाने जा रही है और ये सुखद परिणाम बीजेपी की सटीक रणनीति का नतीजा है. 10 साल की सरकार की एंटी इंकम्बेंसी और किसान, जवान तथा पहलवान से जुड़े तमाम मुद्दों को साधते हुए बीजेपी ने ये बड़ी जीत दर्ज की है. इसके पीछे बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व और प्रदेश के नेताओं के अलावा चार ऐसे प्रमुख नाम भी शामिल हैं, जिन्होंने पर्दे के पीछे से इस जीत की स्क्रिप्ट लिखी है. हरियाणा के चुनाव परिणाम ने तमाम राजनीतिक विश्लेषकों और एग्जिट पोल को गलत साबित कर दिया. बीजेपी नेता और समर्थकों के अलावा कोई नहीं कह रहा था कि इस बार यहां बीजेपी जीत पाएगी, लेकिन सात महीने पहले सीएम खट्टर को पद से हटाने से लेकर चुनाव के लिए एक-एक उम्मीदवार चुनने और मुद्दों पर काम करने तक, सधे कदमों के साथ बीजेपी ने आज फिर से जीत का स्वाद चखा और ये विजय इन नेताओं के अहम योगदान की वजह से ही संभव हो पायी। विप्लव देव = प्रमुख चार नामों में पहला नाम है विप्लव देव का. उनको दो साल पहले विनोद तावड़े की जगह हरियाणा का प्रभारी बनाया गया था, जिसके बाद उन्होंने वहां की सरकार और राजनीतिक स्थिति को समझा और पिछले 7-8 महीने में सरकार हुए बड़े बदलाव के सूत्रधार बने. सरकार और संगठन चलाने का अनुभव रखने वाले विप्लव देव ने अपनी सटीक रणनीति से बीजेपी को लगातार तीसरी बार जीत दिलाई. सुरेंद्र नागर बीजेपी के राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर को इसी साल हरियाणा का सह-प्रभारी बनाया गया था और वो पार्टी आलाकमान की उम्मीदों पर खड़े उतरे।

## कहां 60 सीटों की बात कर रहे थे और अब तीसरी बार भी.', कांग्रेस की हार पर कुमारी सैलजा ने हुड्डा पर कसा तंज

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने परचम लहराया है। भाजपा रिकॉर्ड तिसरी बार सत्ता बनाने में कामयाब हो गई है। हरियाणा में रिकॉर्ड लगातार तीसरी बार कांग्रेस की हार पर पार्टी की वरिष्ठ नेता कुमारी सैलजा ने निशाना साधा है।



सैलजा ने प्रदेश अध्यक्ष भूपिंदर सिंह हुड्डा पर तंज कसते हुए कहा कि कहां 60 सीटों की बात कर रहे थे और अब तीसरी बार भी सत्ता से दूर रहें।

पार्टी की वरिष्ठ नेता कुमारी सैलजा ने हार के कारणों की गहन समीक्षा की बात कही है। उन्होंने माना कि कांग्रेस के भीतर कहीं न कहीं बड़ी गलती हुई है, जिसके चलते पार्टी की ये स्थिति हुई है।

कुमारी सैलजा ने इस बात पर भी जोर दिया कि वह चुनाव लड़ना चाहती थीं। सच्चाई यह है कि मैंने चुनाव लड़ने की इच्छा जताई थी और हम कुछ सीटों पर जीते भी हैं, लेकिन हमें बड़े पैमाने पर देखना होगा कि आखिर हम प्रदेश को क्यों नहीं जीत पाए। इसका गहन मूल्यांकन जरूरी है।

कुमारी सैलजा ने कहा, हम 60 सीटों की बात कर रहे थे, लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि हम संघर्ष कर रहे हैं। यह बिल्कुल एक बड़ी गलती है। फाइनल रिजल्ट तक देखना पड़ेगा, हालांकि मुझे पता है कि यह अच्छा नहीं लग रहा है।

### अति आत्मविश्वास कांग्रेस को ले डूबी

हरियाणा में कांग्रेस को मिली शिकस्त पर दिल्ली के पूर्व सीएम और आप (AAP) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कटाक्ष किया है। केजरीवाल ने कहा कि 'चुनाव परिणामों का सबसे बड़ा सबक यह है कि चुनावों में कभी अधिक आत्मविश्वासी नहीं होना चाहिए। वहीं शिवसेना उद्धव गुट ने भी कांग्रेस के प्रदर्शन पर सवाल उठाए है।

## छत्तीसगढ़ में आईएएस अधिकारियों के हुए तबादले

भास्कर दूत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने मंगलवार शाम आईएएस अधिकारियों का तबादला किया है। सरकार ने अविनाश चंपावत को सामान्य प्रशासन विभाग का सचिव बनाया है। यह प्रभार अभी अंबलगन पी के पास था। अंबलगन पी से जीएडी विभाग लेकर उन्हें सिकरेट्री फूड का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। अंबलगन के पास जीएडी और धर्मस्व के अलावा बाकी प्रभार यथावत रहेंगे। इसी तरह सिकरेट्री रैंक के आईएएस टीपी वर्मा को सचिव राजस्व बोर्ड सदस्य राजस्व बोर्ड पर पदस्थ करते हुए सरकार ने अध्यक्ष राजस्व बोर्ड का प्रभार सौंपा है। केडी कुंजाम वेयरहाउसिंग के प्रभार से मुक्त होंगे। वेयर हाउसिंग बोर्ड के एमडी का प्रभार अब जीतेंद्र शुक्ला को दिया गया है। जीतेंद्र के पास खाद्य विभाग बना रहेगा।





रमेश शर्मा को मार्कफेड का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। उनके बाकी प्रभार अब केडी कुंजाम देखेंगे। उधर, विनीत नंदनवार को संचालक भूअभिलेख के साथ ही ज्वाइंट सिकरेट्री जनशिकायत एवं निवारण की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा फरिया आलम को डिप्टी सिकरेट्री स्कूल शिक्षा के साथ श्रम की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है।

## हरियाणा का हृदय से आभार-पीएम मोदी



नई दिल्ली। विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार मिली जीत को लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा की जनता पर हृदय से आभार जताया है



Narendra Modi @narendram... · 1h
हरियाणा का हृदय से आभार!

भारतीय जनता पार्टी को एक बार फिर स्पष्ट बहुमत देने के लिए मैं हरियाणा की जनशक्ति को नमन करता हूं। यह विकास और सुशासन की राजनीति की जीत है। मैं यहां के लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे।

## ऐतिहासिक जीत पर बधाई-सीएम साय



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हरियाणा में मिली विधानसभा चुनाव में मिली जीत को ऐतिहासिक जीत कहा है उन्होंने अपने एक्स हैंडल के पोस्ट में लिखा है कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कुशल मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री नायब सिंग सैनी के ओजस्व नेतृत्व की अगुवाई को जनता जनार्दन ने पुन: स्वीकार किया है।



Vishnu Deo Sai @vishnudsai · 1h
हरियाणा में तीसरी बार खिला भाजपा की विजय का कमल...

हरियाणा विधानसभा चुनाव में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी के कुशल मार्गदर्शन, मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी के ओजस्वी नेतृत्व Show more



## हरियाणा की जीत पर सभी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन-सरोज पांडेय



**रायपुर।** विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार हरियाणा में भाजपा की जीत को लेकर राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय ने वहां की जनता और कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया है उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में लिखा है कि भाजपा की जनकल्याण नीतियों के तहत हरियाणा की जनता ने भाजपा सरकार पर विश्वास का मुहर लगाया है।



Vishnu Deo Sai @vishnudsai · 1h
हरियाणा में तीसरी बार खिला भाजपा की विजय का कमल...

हरियाणा विधानसभा चुनाव में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी के कुशल मार्गदर्शन, मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी के ओजस्वी नेतृत्व Show more




## सीएम साय और मंत्री गोयल ने हरियाणा विस चुनाव में जीत की दी अनोखी टेलीफोनिक बधाई!

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज नई दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर रहे थे. इस दौरान मंत्री गोयल के पास हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का फोन जीत की खुशी को लेकर था. बातचीत के दौरान मंत्री गोयल ने खट्टर से मुख्यमंत्री साय की भी बात कराई, जिसमें उन्होंने बेहतर चुनाव संचालन की बात कहते हुए उन्हें जीत की बधाई दी.

मुख्यमंत्री साय की मंत्री गोयल के साथ बैठक छत्तीसगढ़ के वाणिज्य और उद्योग से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए आयोजित की गई थी, जिसमें कृषि उत्पादों के प्रमाणीकरण, अंतरराष्ट्रीय निर्यात की संभावनाएं और प्रदेश में स्पेशल इकनॉमिक जोन (स्र्ध्) की स्थापना पर विचार किया जा रहा था.

बैठक के दौरान अचानक पीयूष गोयल के फोन की घंटी बजी. स्क्रीन पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का नाम चमक रहा था. हाल ही में हरियाणा में भाजपा ने विधानसभा चुनावों में शानदार जीत हासिल की थी, और यह फोन उसी खुशी की खबर लेकर आया था.



केंद्रीय मंत्री गोयल ने तुरंत फोन उठाया और खट्टर को बधाई देते हुए कहा, मनोहर जी, आपको और आपकी पूरी टीम को बधाई! आपने हरियाणा की जनता का दिल जीतने में शानदार काम किया है. आपकी मेहनत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार की नीतियों का यह प्रतिफल है.

इसके बाद, गोयल ने फोन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की ओर बढ़ाया. मुख्यमंत्री साय ने फोन पर खट्टर को बधाई देते हुए कहा, आपने बहुत अच्छे तरीके से चुनाव का संचालन किया है. हरियाणा में भाजपा की यह जीत आपके कुशल नेतृत्व का प्रमाण है. आप और आपकी सरकार ने जनता के विश्वास को फिर से जीता है.

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हरियाणा की यह सफलता भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों की जीत है. उन्होंने खट्टर से आशा जताई कि उनकी सरकार आने वाले समय में हरियाणा के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

## छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास व निवेश के प्रस्तावों पर केन्द्रीय मंत्री से चर्चा

### केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की बैठक

भास्कर दूत

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की। बैठक में राज्य के औद्योगिक कॉरिडोर, अंतरराष्ट्रीय एयर कार्गो सुविधाओं और कई अन्य विकासात्मक मुद्दों पर चर्चा की गई। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री ने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए कई प्रस्तावों को मंजूरी देने का आश्वासन दिया है, जिससे राज्य को एक नई दिशा मिलेगी। बैठक का मुख्य मुद्दा छत्तीसगढ़ के औद्योगिक कॉरिडोर का विकास था। मुख्यमंत्री साय ने केंद्र से अनुरोध किया कि कोरबा-बिलासपुर-रायपुर को नागपुर औद्योगिक कॉरिडोर से जोड़ा जाए।



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने इस प्रस्ताव पर कहा कि इसे जल्द कार्यान्वित किये जाने का आश्वासन दिया. उन्होंने इस संबंध में भारत सरकार के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई किए जाने का निर्देश भी दिया ।

बैठक में मुख्यमंत्री ने रायपुर में अंतरराष्ट्रीय एयर कार्गो सुविधाओं की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे राज्य के कृषि और खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया रायपुर के पुराने टर्मिनल का उपयोग इस सुविधा के लिए किया जा सकता है, जिससे निर्यात में आसानी होगी। केंद्रीय मंत्री गोयल ने इस पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए जल्द मंजूरी देने का आश्वासन दिया। यह सुविधा राज्य के उद्योगों को वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धा करने में मदद करेगी।

बैठक में एपीडा (कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण) सर्टिफिकेशन कार्यालय की स्थापना का मुद्दा भी उठाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यालय की स्थापना से छत्तीसगढ़ के कृषि उत्पादों को वैश्विक मान्यता मिलेगी, जिससे किसानों और उद्योगपतियों को लाभ होगा। केंद्रीय मंत्री ने इस प्रस्ताव पर कहा कि भारत सरकार इस पर हर संभव मदद करेगा। बैठक में रायपुर स्थित कॉनकोर कंटेनर डिपो की क्षमता बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि वर्तमान में डिपो की कुल क्षमता का केवल 15% उपयोग हो रहा है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया कि अधिक शिपिंग लाइनों को जोड़ा जाए, जिससे निर्यात लागत में कमी आएगी और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने इस पर भी सकारात्मक रुख दिखाया और कहा कि जल्द ही शिपिंग मंत्रालय के साथ इस मुद्दे को हल किया जाएगा।

मुख्यमंत्री साय ने नवा रायपुर में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक कार्यक्रमों के आयोजन की भी मांग की। यह प्रस्ताव छत्तीसगढ़ को एक व्यापारिक और औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

### आईटी और मल्टी-सेक्टर सेज की स्थापना की मांग

मुख्यमंत्री साय ने नवा रायपुर में आईटी सेवा विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) और राज्य के अन्य ग्रोथ हब्स में मल्टी-सेक्टर सेज स्थापित करने का प्रस्ताव भी रखा। इसके लिए जांजगीर और राजनांदगांव में 400 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ से कच्चे माल का निर्यात अन्य राज्यों में हो रहा है, जिसे रोकने और राज्य में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने इस परियोजना की व्यवहार्यता अध्ययन के साथ जल्द कार्यान्वयन की उम्मीद जताई।

'कांग्रेस का सत्यानाश हो गया',

## विनेश फोगाट की जीत पर बृजभूषण सिंह की आई प्रतिक्रिया



पूर्व बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने तंज कसते हुए कहा कि विनेश की जीत तो हो गई है लेकिन वो जहां कदम रखती हैं उसका सत्यानाश हो जाता है। कांग्रेस में गई है कांग्रेस का बंटाधार हो जाएगा।

**नई दिल्ली।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने परचम लहराया है। भाजपा रिकॉर्ड तिसरी बार सत्ता बनाने में कामयाब हो गई है।

हरियाणा के सबसे हॉट सीट जुलाना सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी विनेश फोगाट ने जीत हासिल कर ली है। विनेश पेलिस ओलंपिक के बाद रेसलिंग से सन्यास लेकर कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लडी। विनेश फोगाट की जीत पर बीजेपी नेता बृजभूषण सिंह की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। विनेश फोगाट के जीतने पर कैसरगंज से




रायपुर में रफ्तार का कहर

# अनियंत्रित ईको स्पोर्ट्स कार ने सिग्नल पर खड़ी चार गाड़ियों को मारी टक्कर, गुस्साई भीड़ ने चालक की पिटाई

भास्कर दूत

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के फुंडहर चौक स्थित एक्सप्रेस-वे पर एक बड़ा सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक अनियंत्रित ईको स्पोर्ट्स कार ने सिग्नल पर खड़ी गाड़ियों को जोरदार टक्कर मारी। इस दुर्घटना में एक के बाद एक चार कारें क्षतिग्रस्त हो गईं, लेकिन गनीमत रही कि कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ।



यह घटना तेलीबांधा थाना क्षेत्र में दोपहर के समय हुई, जब सड़क पर यातायात सामान्य रूप से चल रहा था।

घटना उस समय की है जब एक ईको स्पोर्ट्स कार, जो कि तेज रफ्तार में थी, एक्सप्रेस-वे पर स्थित सिग्नल पर पहले से खड़ी एक कार से जा टकराई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि टक्कर के बाद उससे आगे खड़ी तीन अन्य गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हो गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आसपास के लोग घबरा गए और तुरंत घटनास्थल की ओर दौड़े। हादसे के वक्त कार की गति करीब 130 किमी/घंटा बताई जा रही है।

घटना के बाद, अनियंत्रित कार के चालक को वहां मौजूद लोगों ने घेर लिया। भीड़ में गुस्से में आए कुछ लोगों ने कार चालक की बेदम पिटाई कर दी। हालांकि पुलिस के जल्द पहुंचने के बाद स्थिति को नियंत्रण में लाया गया और कार चालक को भीड़ से बचाया गया। चालक को मामूली चोटें आईं, लेकिन उसे तुरंत अस्पताल भेजा गया।

### हादसे के बाद मौके पर मची अफरा-तफरी

*हालांकि हादसे में चार कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं, लेकिन किसी भी व्यक्ति को गंभीर चोट नहीं आई। कई लोग हादसे में बाल-बाल बच गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, लेकिन राहत की बात यह रही कि कोई जान-माल का बड़ा नुकसान नहीं हुआ। दुर्घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई थी, जिससे यातायात बाधित हो गया।*

*घटना की सूचना मिलते ही तेलीबांधा थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार चालक को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ईको स्पोर्ट्स कार का चालक गाड़ी पर नियंत्रण खो बैठा था, जिससे यह हादसा हुआ। पुलिस का कहना है कि हादसे के कारणों की पूरी जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।*

राजधानी रायपुर में चांदी का जखीरा जब्त..

# 928 किलों चांदी की बाजार कीमत करीब 9 करोड़ से ज्यादा.. एक शख्स हिरासत में

भास्कर दूत

रायपुर। त्यौहारी सीजन में यातायात पुलिस ने वाहनों की जांच-पड़ताल तेज कर दी है। इसी तरह की रूटीन जांच के दौरान रायपुर पुलिस की एंटी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट ने एक वाहन से बड़े पैमाने पर चांदी जब्त किया है जिसका कुल वजन 928 किलोग्राम है।




ACCU ने इस मामले में एक शख्स को हिरासत में लिया है जिससे पूछताछ की जा रही है। मामला मौदहापारा का है। जबकि हिरासत में लिए गए युवक का नाम सन्नी कुमार सिंह है। वह डीडी नगर का रहने वाला है।

इस सम्बन्ध में पुलिस की तरफ से जारी विज्ञप्ति में बताया गया जहां कि नवरात्र पर्व एवं अपराध की रोकथाम हेतु सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिला रायपुर के समस्त थाना क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों सहित संदिग्ध वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। इसी कड़ी में मौदहापारा इलाके में सी जी/04/पी व्ही/9088 वाहन को रुकवाकर जब तलाशी ली गई तो वाहन अलग-अलग कुल 51 कार्टूनों में चांदी कुल वजनी लगभग 928 किलोग्राम चांदी लोड था। बहरहाल पुलिस ने इसकी सूचना जी.एस.टी विभाग को दे दी हैं। चांदी के संबंध में वैध दास्तावेजों की मांग की है।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आवास मेला में हितग्राहियों को सौंपी नवनिर्मित आवास की चाबी

प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र भी वितरित किए




भास्कर दूत





**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा बेमेतरा जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरुण साव आज प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत बेमेतरा के टाउन-हॉल में आयोजित आवास मेला में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने आवास मेला में 12 लाभार्थियों को उनके नवनिर्मित आवासों की चाबी सौंपी। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के 12 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल तथा विधायक श्री दीपेश साहू और और श्री ईश्वर साहू भी आवास मेला में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आवास मेला को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य हर गरीब को सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराना है। छत्तीसगढ़ सरकार इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत बेमेतरा जिले में बीते सितम्बर माह में करीब 15 हजार नए आवास स्वीकृत किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री हर गरीब का पक्का मकान का सपना पूरा कर रहे हैं। हमारी सरकार बनते ही हमने अगले दिन 18 लाख आवासों की स्वीकृति दी। इनमें से आठ लाख मकानों के लिए पहली किस्त भी जारी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि बेमेतरा जिले में 32 हजार आवास पूर्ण हो गए हैं। नए स्वीकृत आवासों के लिए पहली किस्त भी जारी कर दी गई है।श्री साव ने कहा कि हर किसी का सपना होता है कि उसका अपना एक घर हो, जिसमें वह अपने परिवार के साथ सुरक्षित और सुकून भरा जीवन बिता सके। आर्थिक कठिनाइयों और सीमित आमदनी के कारण गरीब परिवारों को यह केवल सपना ही लगता था। प्रधानमंत्री आवास योजना अब गरीबों के इस सपने को हकीकत में बदल रहा है।



> प्रधानमंत्री हर गरीब का पक्का मकान का सपना पूरा कर रहे : उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना से राज्य के लाखों परिवारों का जीवन स्तर ऊंचा उठ रहा है। बेमेतरा जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता साहू और जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रज्ञा निर्वाणी सहित अनेक जनप्रतिनिधि और आवास योजना के लाभार्थी बड़ी संख्या में आवास मेला में शामिल हुए।

## सार समाचार

### छत्तीसगढ़ में अब तक 1169.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 1169.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 08 अक्टूबर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2394.2 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 606.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा जिले में 636.3 मिमी, सूरजपुर में 1164.2 मिमी, बलरामपुर में 1742.3 मिमी, जशपुर में 1068.1 मिमी, कोरिया में 1127.4 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 1088.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 959.2 मिमी, बलौदाबाजार में 1188.3 मिमी, गरियाबंद में 1115.0 मिमी, महासमुंद में 971.4 मिमी, धमतरी में 1040.4 मिमी, बिलासपुर में 996.9 मिमी, मुंगेली में 1117.1 मिमी, रायगढ़ में 1112.6 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 734.4 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1223.5 मिमी, सक्ती 1063.1 मिमी, कोरबा में 1419.4 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1207.5 मिमी, दुर्ग में 656.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 923.0 मिमी, राजनांदगांव में 1128.6 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1239.5 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 856.6 मिमी, बालोद में 1199.6 मिमी, बस्तर में 1279.1 मिमी, कोण्डागांव में 1207.0 मिमी, कांकेर में 1424.3 मिमी, नारायणपुर में 1465.8 मिमी, दंतेवाड़ा में 1550.9 मिमी और सुकमा जिले में 1676.4 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

### राज्यपाल डेका से विधायक साहू ने की सौजन्य भेंट



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से आज राजभवन में रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के विधायक मोतीलाल साहू ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को माना कैंम्प दुर्गा उत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर श्यामा चक्रवर्ती, शुभंकर रे, भीमा विश्वास, विश्वनाथ पाल तथा मनिटोल विश्वास उपस्थित थे।

### अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**रायपुर** । डीडीनगर और विधानसभा थाना पुलिस के टीम ने अवैध शराब बेचते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 65 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 590 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार डीडीनगर पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचना पर सरोना ईट भट्टा के पास अवैध शराब के साथ आरोपी मुकेश कुमार साहू 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# पुरानी बस्ती में चाकू लेकर घूमते बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देशन पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले के मार्गदरशन तथा नगर पुलिस अधीक्षक राजेश देवांगन के पर्यवेक्षण में अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने व चाकुबाजो के ऊपर कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुरानी बस्ती पुलिस के कार्य से अवैध रुप से चाकू रखे चाकूबाज को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। विवरण इस प्रकार है कि मुखबिर से सूचना मिला कि ब्रह्मदेव मंदिर के सामने भाटा गांव में जितेंद्र साहू उर्फ़ जरहा नाम का लड़का अपने पास चाकू रखा है कि सूचना पर तत्काल कोई गंभीर अपराध की घटना घटित न हो की आशंका पर घटनास्थल पर रवाना हुआ मुखबिर के बताए अनुसार लड़के को पकड़ कर तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक अवैध रूप से स्टील का चाकू रखे मिला आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 412/2024 धारा 25 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को दिनांक 07.10.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। नाम आरोपी- जितेंद्र साहू उर्फ़ जरहा पिता रामाधार साहू उम्र 22 वर्ष निवासी गणेश चौक छिरापारा भाटा गांव थाना पुरानी बस्ती जिला रायपुर।




# जनजातियों के गौरवशाली अतीत पर रविशंकर विश्वविद्यालय में हुई कार्यशाला, मनाई गई वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती

भास्कर दूत



**रायपुर।** जनजातियों के गौरवशाली इतिहास, सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान को अधिक से अधिक लोगों तक पंहुचाने और जनजातीय महानायकों के बलिदान को आमजनों को बताने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सभाग्रह में संपन्न हुई। इस कार्यशाला में पूर्व आईएएस अधिकारी और वर्तमान केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने जनजातियों के ज्ञान और परंपराओं को दूसरे समाजों के लिए भी अनुकरणीय बताया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि, जनतीय समाज में सहभागिता, प्रकृति प्रेम के साथ आत्म स्वाभिमान से जीने की कला को दूसरे समाज के लोंगो को भी सीखना चाहिए।

टेकाम ने इस दौरान जनजातीय समाज को भारत के संविधान को मिली सहूलियतों और संरक्षण के साथ विकास के लिए किए गए प्रावधानों को भी लोंगो को बताया। इस दौरान वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती भी मनाई गई और रानी दुर्गावती के अपने गोंडवाना प्रदेश की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए बलिदान हो जाने के वृत्तांत पर भी प्रकाश डाला गया है। कार्यशाला में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के दो सौ से अधिक छात्र-छात्राओं एवं नागरिक शामिल हुए। कार्यशाला में जनजातीय समाज के महानायकों के बलिदान को भी इंगित किया गया। वक्ता वैभव सुरंगे ने भारत में जनजातीय समाज और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर विस्तृत जानकारी दी। भारत के प्रथम शहीद तिलका मांझी, वीर नारायण सिंह,गेंदसिंह, गुण्डाधुर आदि से लेकर विभिन्न क्षेत्रों के जनजातीय समाजों द्वारा ब्रिटिश शासन के विरूद्ध हुए संघर्ष को विस्तार से बताया है।

कार्यशाला में पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सच्चिदानंद शुक्ला ने जनजातीय समाज की परंपराओं, उनके रीतिरिवाजों और संस्कृति पर अपने नजरिए से रिसर्च किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने जनजातीय समाज पर होने वाले शोधों से आधुनिक विकास के क्रम का ज्ञान होने की भी बात कही। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जनजातीय अस्मिता और गौरवशाली अतीत को वैश्विक पहचान देने के लिए 15 नवंबर को भगवान बिरसामुंडा की 150वीं जयंती पर सभी जिलों में जनजातीय गौरव दिवस मनाने की घोषणा की है।

गांधी पर शंकराचार्य का बड़ा बयान

# महात्मा गांधी राष्ट्रपिता नहीं- स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

भास्कर दूत

रायपुर। जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने एक बार फिर महात्मा गांधी को लेकर बड़ा बयान दिया है। रायपुर प्रवास पर पहुंचे शंकराचार्य ने कहा कि गांधी राष्ट्रपिता नहीं हैं।



हिन्दुस्तान में राष्ट्रपिता नाम की कोई चीज नहीं है। मोहन दास करमचंद गांधी राष्ट्रपिता इसलिए नहीं हैं, क्योंकि उन्होंने किसी राष्ट्र को जन्म नहीं दिया और ऐसा कोई व्यक्ति कर भी नहीं सकता। धर्म शास्त्रों में गाय को माता का स्थान दिया गया है, इसलिए उनकी रक्षा व उन्हें राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिए एक देश एक कानून की मांग यात्रा के माध्यम से कर रहे हैं। मीडिया से रूबरू हुए शंकराचार्य ने कहा, छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल और माता कौशल्या की जन्म स्थली है। यहां कौशल्या गाय आज भी विराजमान है। कौशल्या नाम की गाय की रक्षा और सेवा प्राथमिकता में होनी चाहिए।

इसके लिए प्रदेश की सरकार को प्रयास करना चाहिए। सरकार से भी कौशल्या गाय को राज्य माता घोषित करने के लिए बात करूंगा। केन्द्र और राज्य सरकारों से गोमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाने के लिए ही आंदोलन किया जा रहा है। यहां की सरकार से एक बार फिर कौशल्या माता को राज्य माता का सम्मान दिलाने की मांग करता हूं। देशभर में गो प्रतिष्ठा आंदोलन के साथ गो-ध्वज स्थापना को लेकर यात्रा करते हुए गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने और गो हत्या रोकने के लिए एक देश एक कानून की मांग जारी है। यात्रा को लेकर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं। इस तारतम्य में पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में आयोजित गो संसद से पहले सोमवार को पत्रकारों से मुखातिब हुए।

वालों को उनके विचारों का सम्मान करना चाहिए। उनके द्वारा जब सबके लिए एक समान कानून की बात की गई, तो उसका पालन क्यों नहीं होता। गोमाता को आजादी के करीब 75 साल बाद भी सम्मान नहीं मिला। शंकराचार्य ने आगे कहा कि देश को जब हिन्दू राष्ट्र बनाया जा रहा था, तब उन्होंने जो बातें कही, उसका सम्मान नहीं किया गया। इसका दंश देश को भुगतना पड़ रहा है। गोमाता को राष्ट्रमाता और हिन्दू राष्ट्र बनाने के मामले में सभी शंकराचार्य एकमत हैं। इसको लेकर कभी कोई मतभेद नहीं रहा है। सभी की सहमति से ही आंदोलन किया जा रहा है।

शंकराचार्य ने आगे कहा कि हम गो हत्या रोकने के लिए आंदोलन करते हुए राज्यसभा और लोकसभा में एक देश एक कानून लागू करने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 के चुनाव से पहले गोमाता की दशा व दिशा को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की थी। इससे उम्मीद जगी कि वे गो हत्या रोकने के लिए कानून लागू करते हुए राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाएंगे, मगर इस दिशा में भी कोई ठोस पहल नहीं हुई है। अब यात्रा के दौरान जनता को आगाह कर रहे हैं कि चुनावी घोषणापत्र में जो पार्टी गोमाता की रक्षा और राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाने की बात करेगा, उसी पर देश की जनता को भरोसा करना चाहिए।

# निगम अधिकारी को निलंबित करने की मांग

भास्कर दूत

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक चल रही है। सामान्य सभा में निगम कार्यालय के बगल में बनी 3 दुकानों को लेकर भाजपा पार्षद दल ने सत्ता पक्ष को घेरा। निगम पर व्यवस्थापन के नाम पर अवैध रूप से दुकानें बनाने का आरोप है।



निगम ने भू-अभिलेख शाखा की जमीन पर दुकानें बनाई हैं। कांग्रेस पार्षदों ने भी एमआईसी को घेरा। शासन से मंजूरी लिए बिना दुकानों का टेंडर जारी कर दिया गया। सड़क चौड़ीकरण के नाम पर दुकानों को व्यवस्थापन देने के लिए 3 दुकानें बना दी गईं। अवैध निर्माण के मामले में निगम अधिकारी और MIC बुरी तरह घिर गए।

इसके अलावा एजेंडा क्रमांक 23 को सर्वसम्मति से खारिज कर दिया गया। इसमें कांजी हाउस की दुकान के लीज नवीनीकरण का मामला था। मामले में निगम अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाया गया है। पार्षदों ने आरोप लगाया कि षडयंत्रपूर्ण तरीके से एजेंडा सामान्य सभा में लाया गया।

कांग्रेस और भाजपा पार्षदों ने अधिकारी को निलंबित करने की मांग की है। आयुक्त और सभापति ने अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। सामान्य सभा की बैठक में टिकरापारा के पास स्थित नरैया तालाब में सौंदर्यीकरण करने के लिए 10 करोड़ का प्रस्ताव पर चर्चा की जा रही है। इससे पहले यह प्रस्ताव मेयर इन काउंसिल की बैठक में पास हो गया है। वहीं खम्हारडीह में नई पानी टंकी बनाने और स्वीपिंग मशीन से सफाई का दायरा बढ़ाने संबंधी एजेंडे पर चर्चा होगी।

# जल जगार प्रदर्शनी : जल संरक्षण को बढ़ावा देने क्विज, मॉडल एवं चित्र के माध्यम से लोगों को गया जागरूक

भास्कर दूत

धमतरी। बीते 5 एवं 6 अक्टूबर को रविशंकर जलाशय गंगरेल बांध में आयोजित जल जगार महोत्सव में जल संरक्षण को बढ़ावा देने प्रदर्शनी, मॉडल, क्विज का भी आयोजन किया गया। इसमें डिजिटल स्क्रीन में ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी, जल जागरुकता मॉडल एवं प्रेरक कहानी तथा चित्र के माध्यम से लोगों को जल बचाव के लिए जागरूक किया गया।

साथ ही लोगों को एक्टिविटी में संलग्न कर उन्हे जल का महत्व बताया गया। प्रदर्शनी में सबसे ज्यादा भीड़ क्विज प्रतियोगिता में दिखी, जहां बच्चे, युवा सहित सभी उम्र वर्ग के लोग उत्साह के साथ हिस्सा लिया। क्विज में जल संवर्धन एवं जागरूकता के बारे में प्रश्न ऑनलाइन दिखाकर उनको उत्तर चुनने के लिए पूछा गया, जिसका उत्तर प्रतिभागी दिए। इसी प्रकार जल जगार प्रदर्शनी में जल संरक्षण में स्थानीय समुदायों के भागीदारी तथा महत्व को भी बताया गया। साथ ही समुदाय आधारित वन प्रबंधन और जल संरक्षण के तहत जंगलों और जल के बीच के महत्वपर्णू संबंध को दिखाया गया। यह प्रदर्शनी दिखाती है कि कैसे समुदाय अपनी पारंपरिक प्रथाओं के माध्यम से इन संसाधनों की रक्षा और प्रबंधन कर रहे हैं, ताकि सतत भविष्य का निर्माण हो सके। जंगलों और जल की यह पारस्परिकता समुदाय नेतृत्व में सतत प्रबंधन का एक आदर्श मॉडल प्रस्तुत करती है। यह प्रदर्शनी हमारे प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के बारे में विस्तृत रूप से दिखाता है। प्रदर्शनी में जल संरक्षण के लिए जल संरचनाओं के निर्माण, भू गर्भ की आवश्यक जानकारी देने क्लार्ट ऐप की जानकारी दी गई। इस ऐप के माध्यम से उपयोगकर्ता को विभिन्न क्षेत्र में भू गर्भ चट्टानी संरचना के प्रकार और चट्टान की प्रकृति के आधार पर उस पर बनाए जा सकने वाले जल संग्रहण संरचना के चयन की जानकारी दी गई।







**समुदाय आधारित जल संरक्षण एवं जल और वन के संबंध को किया गया प्रदर्शित**

**बच्चे, युवा सहित सभी वर्ग के लोग क्विज में उत्साह के साथ लिया हिस्सा**

### भूमि जल और जीवन का समन्वय :

प्रदर्शनी में प्राकृतिक संसाधन, प्रबंधन एवं जल संरचनाओं के उचित समन्वय करके बहुमूल्य वर्षा जल एवं ऊपरी मृदा की रक्षा को बताया गया। इसके माध्यम से बताया गया कि हम सब मिलकर बंजर खेतों को हरे-भरे परिदृश्य में बदल सकते हैं और फसल विविधीकरण को बढ़ावा दे सकते हैं। साथ ही अपने जंगलों को सरंक्षित कर सकते हैं। आज बचाया गया जल का हर एक बूंद कल के हरे-भरे भविष्य का बीज है। प्रदर्शनी में लोगों को संदेश दिया गया कि समय रहते जल संरक्षण के लिए कदम उठाएं, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सशक्त और सतत भविष्य का निर्माण किया जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### कन्या महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** जिले में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना अंतर्गतअंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 2 से 11 अक्टूबर तक (10 दिवसीय) कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। बालिकाओं को अधिक अवसर प्रदान के महत्व पर प्रकाश डालना और बालिकाओं द्वारा शिक्षा, पोषण, कानूनी अधिकार, चिकित्सा देखभाल, भेदभाव, हिंसा और बाल विवाह से सुरक्षा में आनेवाले असमानताओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु प्रतिदिन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बेटी बचाओ ज़ बेटी पढ़ाओं कार्यक्रम में पर्यवेक्षक विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

### 24 घंटे बाद मिली लाश, नहाते समय महानदी में डूबा था युवक



**डभरा** - मां चंद्रहासिनी देवी दर्शन के लिए आए भिलाई के श्रद्धालु युवक की महानदी दरहा घाट में डूबने से लापता हो गया था। जिस की खोजबीन एसडीआरएफ एवं गोताखोरों की टीम कर रही थी। 6 अक्टूबर को मनोज देवांगन पिता चंदूलाल उम्र 30 साल एवं नरेंद्र साहू पिता सालिक राम साहू उम्र 29 साल एवं जे रमेश उम्र 29 तीनों दोस्त भिलाई कैंप 1 से नवरात्रि में मंदिर दर्शन करने आए थे। नदी में नहाते समय इनमें से जे रमेश डूब गया था। इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई लापता युवक को खोजने के लिए टी आई कृष्ण चंद मोहले के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस की टीम एसडीआरएफ एवं गोताखोर की टीम द्वारा लगातार खोजबीन की जा रही थी। 7 अक्टूबर को सुबह रेस्क्यू ऑपरेशन चालू किया गया सुबह 8ः30 बजे के करीब युवक की लाश दरहा घाट के पानी के अंदर से रेस्क्यू टीम द्वारा निकाला गया। पुलिस के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर स्थानीय पुलिस चंद्रपुर टीआई कृष्ण चंद मोहले के नेतृत्व में लगातार रेस्क्यू टीम में शामिल रहे युवक की खोजबीन करते रहे एसडीआरएफ की टीम ने लगातार महानदी के गहरे पानी में खोजबीन करते रहे ज अंततः 7 अक्टूबर को 8ः30 बजे शव को निकाला गया। एसडीआरएफ की टीम की भूमिका सराहनीय रहा है। घटना दिनांक को ही पहुंच गये थे परिजन, रो-रोकर बुरा हाल इसकी जानकारी भिलाई में परिजनों को दी गई थी फिर 6 अक्टूबर को ही परिजन भिलाई से चंद्रपुर पहुंच गए थे जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के आंसू नहीं थिरक रहे थे। मृतक युवक जे रमेश के शव को बाहर निकाल कर शव को पुलिस ने अपने कब्जे लिया इसके बाद शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंद्रपुर भेजा गया। डॉक्टरों द्वारा शव को पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दी गई है। चंद्रपुर पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचना पुलिस कर रही है। भिलाई से दर्शन करने आये थे चंद्रपुर तीन दोस्त एसडीआरएफ व गोताखोरों की टीम ने किया रेस्क्यू ।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का ग्रामीणों ने लिया लाभ



**बालोद।** आयुष विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार तथा जिला आयुष अधिकारी बालोद के मार्गदर्शन में आयुष ग्राम योजना अंतर्गत आयुष ग्राम बिरेतरा में आज सोमवार को प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक शासकीय आयुर्वेद औषधालय बिरेतरा के आयुर्वेद चिकित्सा दल द्वारा निःशुल्क मासिक स्वास्थ्य शिविर एवं जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धन्वंतरि भगवान की पूजा अर्चना कर शिविर का शुभारंभ भाजपा जिला महामंत्री राकेश यादव, ग्राम पंचायत बिरेतरा के सरपंच दुर्गा शोरी, ग्राम प्रमुख चुनु राम साहू, अरुण साहू, सुखित यादव, अजय साहू के कर कमलो से हुआ। शिविर प्रभारी डॉ संजय चंद्रवंशी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, आयुर्वेद फार्मासिस्ट दुलार दास, पी.टी.एस. चंदू यादव और पोखन लाल उपस्थित होकर सहयोग किये7

उक्त शिविर में कुल 87 रोगी लाभान्वित हुए जिसमे 87 रोगियों की ब्लड प्रेशर जांच एवं 56 रोगियों की मधुमेह जांच एवं 39 रोगियों की रक्त परीक्षण की गई एवं रोगानुसार औषधि वितरण एवम् आहार-विहार की जानकारी दी गई। सभी को आयुर्वेद काढ़ा पिलाया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणजनो को संक्रामक रोगों से बचाव के बारे मे तथा दिनचर्या एवं ऋतुचर्या पालन के संबंध में जानकारी भी दी गई। स्थानीय स्तर पर पाए जाने वाले औषधीय पौधे जैसे वासा, नीम, तुलसी, गिलोय, अर्जुन , अदरक आदि के औषधीय प्रयोग की जानकारी दी गई। ग्राम के किसानों को औषधीय पौधों के कृषि करने एवं आर्थिक लाभ की जानकारी दी गई एवं औषधीय पौधा वितरण किया।

## आंगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती हेतु 16 अक्टूबर तक दावा आपत्ति आमंत्रित

भास्कर दूत

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर नवागढ़ 02 अंतर्गत ग्राम पंचायत सेवई के आंगनबाड़ी केन्द्र सेवाई डीहपारा में कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत सुकली के आंगनबाड़ी केन्द्र सुकली 03, ग्राम पंचायत बनारी के आंगनबाड़ी केन्द्र बनारी 03, ग्राम पंचायत बोडसरा के आंगनबाड़ी केन्द्र बोडसरा 05 एवं ग्राम पंचायत धुरकोट के आंगनबाड़ी केन्द्र धुरकोट 05 में मे रिक्त पद आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु ओवेदन आमंत्रित किया गया था। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर नवागढ़ 02 ने बताया कि प्राप्त आवेदनों के आधार पर भर्ती हेतु प्रथम मूल्यांकन पत्रक जारी किया गया है। जिसमें किसी भी अभ्यर्थी, नागरिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका पद में दावा आपत्ति 16 अक्टूबर 2024 कार्यालयीन समयावधि मे एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर (जाज्वल्यदेव नवीन कन्या महाविद्यालय जांजगीर के पीछे पुराना बाल संरक्षण गृह) मे स्वयं उपस्थित होकर दवापत्ति जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि व समय उपरांत प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नही किया जावेगा तथा यह भी स्पष्ट हो कि दावा आपत्ति करने के समय मूल आवेदन में जोड़ने हेतु नवीन दस्तावेज मान्य नहीं किये जायेंगे।

## शादी का झांसा दे नाबालिग से दुष्कर्म

### आरोपी युवक गिरफ्तार। पुलिस ने भेजा जेल

भास्कर दूत

**दल्लीराजहरा।** थाना डौण्डी के अप. क्रमांक 63/2024 धारा 376(2)(n)ipc.4,5( j)(ii), 5(l) पॉक्सो एक्ट के प्रकरण में प्रार्थीया ने अपने रिपोर्ट में दिनांक 15.02.2023 को कुम्हली गांव शादी में गयी थी तो अक्षय चंदेल से परिचय हुआ जिसने अपना मोबाईल नम्बर देकर बात करने लगा दिनांक 21.02.2023 को चिखली मण्डाई में अक्षय बुलाया तो पीड़िता गई थी। अक्षय अपनी बड़ी मां के घर में ले गया, घर में कोई नहीं था,अक्षय चंदेल पीड़िता से तुझसे प्यार करता हुं हम दोनों एक ही समाज के है तुमसे शादी करूंगा बोलकर पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाया और पीड़िता के साथ बातचीत करते रहा था तथा अप्रैल 2023 में पीड़िता को किल्लेवाड़ी मंदिर ले गया था वहां भी डेम की ओर पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाया। अक्षय ने पीड़िता के साथ शादी करने का आश्वासन देकर शारीरिक संबंध बनाया है आखिरी बार आरोपी ने पीड़िता के घर मिलने आया था और पीड़िता के साथ गलत काम किया है पीड़िता ने पुरी बात अपनी मां को बतायी और अपनी मां के साथ रिपोर्ट दर्ज कराने थाना बालोद गयी, घटना स्थल थाना डौण्डी क्षेत्र का होने पर थाना बालोद में अप.क्र. 00/2024 धारा 376(2)(n) ipc.4,5( j)(ii), 5(l) पॉक्सो एक्ट तहत रिपोर्ट दर्ज किया गया है जिसे असल नंबरी हेतु थाना डौण्डी को डायरी प्राप्त होने पर असल नंबरी अपराध क्रमांक 63/2024 धारा 376(2) (n)ipc.4,5( j)(ii), 5(l) पॉक्सो एक्ट रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। प्रकरण के गंभीरता को देखते हुए श्रीमान एस.आर. भगत पुलिस अधीक्षक महोदय जिला बालोद एवं श्रीमान अशोक कुमार जोशी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय जिला बालोद व डॉ चित्रा वर्मा नगर पुलिस अधीक्षक राजहरा, के निदेशानुसार कार्यवाही करते हुए उपनिरीक्षक मनीष सेण्डे थाना प्रभारी डौण्डी एवं थाना डौण्डी स्टॉफ के द्वारा ओरोपी अक्षय चंदेल पिता शत्रुहन चंदेल उम्र 24 साल साकिन कुम्हली थाना गोटाटोला जिला मानपुर मोहला अंबागढ़ चैकी के होने की सुचना मिलने पर हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकर किया बाद आरोपी को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया है।




## अवैध रेत से लदे ट्रैक्टर ने कुचला, 8 वर्षीय मासूम की मौत, परिजन आक्रोशित

भास्कर दूत

**बलौदाबाजार/पलारी।** अवैध रेत से लदे ट्रैक्टर की चपेट में आकर 8 वर्षीय कार्तिक घृतलहरे की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा पलारी विकासखंड के ग्राम मुढ़ियाडीह से रेत लेकर आ रही ट्रैक्टर द्वारा ग्राम खैरी में हुआ। घटना के बाद परिजनों ने खनिज और वन विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाने और मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है। गुस्साए परिजन अब भी प्रदर्शन कर रहे हैं और शव को उठाने से इनकार कर रहे हैं।




पलारी पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, मौके पर पहुंचकर पुलिस परिजनों को समझाने में जुटी हुई है। इस घटना के बाद से गांव के लोग भी काफी आक्रोशित हैं। बताया जा रहा है कि मुड़ियाडीह रेत घाट को स्थानीय पंचायत और गांव के कुछ युवक मिलकर चला रहे हैं, जो अवैध रूप से रेत निकालकर उसे बेचने का काम कर रहे हैं। इस गतिविधि के चलते गांव के लोग काफी नाराज हैं और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

इस हादसे ने एक बार फिर खनिज विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा कर दिया है। विभाग पर हमेशा खानापूर्ति की कार्रवाई करने का आरोप लगता रहा है, लेकिन आज इस लापरवाही के कारण एक मासूम बच्चे को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। अवैध रेत खनन न केवल पर्यावरण के लिए खतरनाक है, बल्कि लोगों की जान भी जोखिम में डाल रहा है। इस मामले में प्रशासन को कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

## सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा लगातार हो रही कई दुर्घटनाएं

भास्कर दूत

**सक्ति** - गांव की सड़क इन दिनों आवारा मवेशियों के हवाले है। आवारा मवेशियों की बढ़ती तादाद के चलते इन्हें गोशालाओं में रखने की भी ठोर नहीं बची है। अकेले गाँव में सैकड़ों पशु घूम रहे हैं। मच्छर-मक्खियों से परेशान गायें बरसात के दिनों में शाम होते ही सूखी जगह की तलाश में राज्यमार्ग की ओर रुख करने लगती है। रात को हाइवे व शहर पर इनका जमघट लग जाता है। गांवों से निकल रहे सड़क पर समूह में गोवंश दिखाई देते है। पशुओं के यह झुंड दुपहिया वाहन चालकों के लिए सबसे बड़ा खतरा है। थोड़ी सी चूक उनके लिए जानलेवा साबित हो जाती है। बरसात आने के बाद एक बार फिर से सड़कों पर गायों का झुंड नजर आने लगा है। आए दिन गायों के झुंड बीच सडक् में लड़ते हुए नजर आते है। इससे सबसे ज्यादा खतरा वाहन चालकों व दुकानदारों को होता है। हादसों की आशंका के कारण पशुओं को मक्खियों के काटने की परेशानी के चलते खेतों में बैठने वाले पशु भी इन दिनों सूखी सड़कों पर बैठने लगते हैं।



इन पशुओं के चलते पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। आने वाले दिनों में भी दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। सैकड़ों मवेशी विचरण कर रहे है, जिनके न रहने का ठिकाना है, न खाने-पीने का इंतजाम है। गाँव के वार्ड में कई गाय झुंड में घूम रही हैं, जो खाने की तलाश में सड़कों, गलियों में भटकती रहती है। हर सड़क पर इसी वजह से जाम लगता है। सडक् के किनारे और सडक्त पर बैठी गायों को बचाने के प्रयास में सड़क दुर्घटना होती हैं। रात के समय सड़क पर बैठे गोवंश बड़ी सडक्त दुर्घटनाओं की वजह बन रहे हैं। बरसात के दिनों में गांवों में कीचड़ फैल जाता है। खेतों के पास फसलों की सुरक्षा करने के चलते किसान आवारा पशुओं को पास भी नहीं फटकने देते। पशुओं को एक गांव से दूसरे गांव हांक दिया जाता है। ऐसी स्थिति में सूखी जगह की तलाश में पशु मुख्य सड़क पर आ जाते हैं।

## ठेका श्रमिको को ओपीडी चिकित्सा सेवा देने वाले अस्पतालों को लंबित भुगतान राशि दी गई

भास्कर दूत

**दल्लीराजहरा।** लौह अयस्क समूह राजहरा के ठेका कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा देने वाली चिकित्सालयों शहीद अस्पताल एवं ज्योति हॉस्पिटल को 7 अक्टूबर को भुगतान प्रारंभ हो गया है ।

पूर्व में वर्ष 2022 में लौह अयस्क प्रबंधन एवं विभिन्न श्रमिक संगठनों के साथ हुए समझौते के अनुपालनार्थ 6 माह से ठेका श्रमिकों को शहीद अस्पताल एवं ज्योति हॉस्पिटल से हुए समझौते के तहत ओपीडी में चिकित्सा सुविधा दी जा रही थी किंतु कतिपय तकनीकी दिक्कतों के चलते अस्पतालों में चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने वाले ठेका श्रमिकों की चिकित्सा राशि का भुगतान लंबित था। भिलाई इस्पात संयंत्र के वित्त विभाग,कार्मिक विभाग एवं लौह अयस्क समूह राजहरा के उच्च प्रबंधन के लंबे अथक प्रयासों से अस्पतालों को दी जाने वाली चिकित्सा राशि का प्रथम भुगतान 7 अक्टूबर को किया गया ।भुगतान की प्रक्रिया को मूर्त रूप देने में लौह अयस्क समूह राजहरा के मुख्य महाप्रबंधक श्री आर बी गहरवार, वित्त विभाग राजहरा के प्रमुख वरिष्ठ प्रबंधक श्री स्वप्निल श्रीवास्तव एवं कार्मिक विभाग के डॉक्टर के एस बघेल का योगदान महत्वपूर्ण रहा। मुख्य महाप्रबंधक(खान)के कार्यालय में ज्योति हॉस्पिटल के प्रमुख डॉक्टर अशोक कुमार ठाकुर एवं शहीद अस्पताल के प्रमुख डॉ शैवाल जाना को आमंत्रित कर मुख्य महाप्रबंधक खान श्री आर बी गहरवार ने वित्त विभाग राजहरा के प्रमुख श्री स्वप्निल श्रीवास्तव एवं कार्मिक विभाग के सहायक प्रबंधक श्री शैलेश पटनायक की उपस्थिति में भुगतान रकम चेक प्रदान की । डाक्टर शैवाल जाना एवं डॉक्टर अशोक कुमार ठाकुर ने भुगतान प्राप्त करने पर बीएसपी प्रबंधन को धन्यवाद ज्ञापित कर खुशी जाहिर की एवं ठेका श्रमिकों को भविष्य में अच्छी एवं जरूरी चिकित्सा सुविधा देने बीएसपी प्रबंधन को आश्वस्त किया। अस्पतालों को चिकित्सा सुविधा की राशि का प्रारंभिक भुगतान होने पर लौह अयस्क समूह के समस्त श्रमिक संगठनों एवं ठेका श्रमिकों में उल्लास एवं उत्साह का वातावरण है । श्रमिक संगठनों एवं ठेका श्रमिकों ने भी इसके लिए लौह अयस्क समूह राजहरा प्रबंधन के प्रति आभार जताया है।



**शहीद एवं ज्योति अस्पताल को लंबित राशि का भुगतान किया बीएसपी ने**

## खेत में मिली अनुसूचित जाति महिला की लाश, सीएचसी सिमगा में नहीं हुआ पोस्टमार्टम


भास्कर दूत

**बेमेतरा।** बेमेतरा जिले के बेरला तहसील क्षेत्र के गांव रवेली में एक दलित महिला, दूरपति चतुर्वेदी की लाश अचानक खेत में पड़ी मिली, जिससे ग्रामीणों के बीच दहशत का माहौल बन गया। मृतका के परिजनों को सूचना मिलने के बाद शव को बलौदाबाजार जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सिमगा ले जाया गया।

दूरपति के परिजनों ने डॉक्टर को बताया कि उनकी मृत्यु आकाशीय बिजली गिरने से हुई है। इसके बाद डॉक्टर ने शव के बारे में थाना सिमगा को सूचित किया। परिजनों का आरोप है कि लगभग 3 से 4 घंटे इंतजार करने के बाद भी पुलिस अस्पताल नहीं पहुंची। बीएमओ डॉक्टर पारस पटेल ने बिना पोस्टमार्टम किए ही शव को परिजनों को सौंप दिया और अंतिम संस्कार के लिए घर ले जाने की अनुमति दी।

मृतका के ससुर, अंजोरदास चतुर्वेदी ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से डॉक्टर पारस पटेल और ड्यूटी पर तैनात लापरवाह पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने प्राकृतिक आपदा की मुआवजा राशि की भी मांग की है।

इस मामले को संदिग्ध मानते हुए, पूर्व सरपंच ननकु ओगरे ने कहा कि यदि दूरपति चतुर्वेदी की मृत्यु आकाशीय बिजली गिरने से हुई थी, तो शव का पोस्टमार्टम क्यों नहीं किया गया? उन्होंने सवाल उठाया कि डॉक्टर और परिजनों के बीच ऐसी क्या बातचीत हुई कि बिना पोस्टमार्टम किए शव को घर ले जाने दिया गया। उन्होंने यह भी पूछा कि पुलिस पंचनामा और कागजी कार्रवाई करने के लिए अस्पताल क्यों नहीं पहुंची। उन्होंने इस मामले की न्यायिक जांच और दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की।



प्रति,

श्रीमान मुख्यमंत्री महोदय जी
छ.ग. शासन।

विषयः— प्राकृतिक आपदा की राशि दिलाने बाबत्।

महोदय जी,

निवेदन है कि मैं अंजोर दास चतुर्वेदी पिता स्व. श्री कोदू दास चतुर्वेदी ग्राम रवेली पोस्ट रांका तह. बेरला जिला बेमेतरा छ.ग. का निवासी हूं। यह कि मेरी बहू दुरूपती चतुर्वेदी पति रेखालाल चतुर्वेदी के ऊपर आकाशीय बिजली गिरने से दिनांक 21.06.2024 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिमगा ले गये थे जिन्हें सरकारी अस्पताल सिमगा के डॉ. पारस पटेल खण्ड चिकित्सा अधिकारी द्वारा मृत्यु होना बताया गया। हम लोग शव की पंचनामा पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिमगा में 3 से 4 घण्टे इंतिजार किये, जब थाना सिमगा से कोई स्टाफ नहीं आया तो डॉ पारस पटेल बिना पोस्टमार्टम किये ही शव को वापस ले जाने बोल दिये। हमने शव को अपने घर लाकर अंतिम संस्कार किया। मृतक दुरूपती चतुर्वेदी के दो छोटे बच्चे है एवं पति रोजी मजदूरी करने पूना गया हुआ है, जो कि हम लोग काफी गरीब है। थाना सिमगा एवं डॉ. पारस पटेल खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं पुलिस की घोर लापरवाही के कारण हमारे परिवार को प्राकृतिक आपदा शासन से मिलने वाले अनुदान राशि से वंचित होना पड़ा है।

अतः श्रीमान से प्रार्थना पूर्वक निवेदन है कि हमारे परिवार को नियमता छ.ग. शासन प्राकृतिक आपदा से मिलने वाली राशि प्रदान करने की कृपा करें।

दिनांक ..................

अंजोरदास
आवेदक
नाम — अंजोरदास चतुर्वेदी
पता—रवेली पोस्ट रांका तह. बेरला
जिला बेमेतरा छ.ग.

सरपंच
ग्राम पंचायत रवेली
ज.पं. बेरला, जि. बेमेतरा (छ.ग.)

## संपादकीय

# स्वच्छ भारत मिशन I शहरी कचरा प्रबंधन का ब्लू-प्रिंट

हमारा देश अब स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) की दसवीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है। यह एक परिवर्तनकारी दशकीय यात्रा रही है, जिसके बारे में विचार करने पर प्रभाव बेहद गहरे नजर आते हैं। एक ऐसा मिशन जिसने भारत में स्वच्छता और सफाई के नए पैमाने स्थापित कर एक नई परिभाषा गढ़ी है। 2 अक्टूबर 2014 को शुरू किया गया यह मिशन केवल एक पहल नहीं, बल्कि एक आंदोलन था ङ्क हर एक नागरिक को स्वच्छ, स्वस्थ और 'विकसित भारत' में योगदान देने का आह्वान। आज, एसबीएम ने अपना फोकस केवल शौचालयों के निर्माण और उन तक नागरिकों की पहुंच को बढ़ाने तक ही सीमित नहीं रखा है, बल्कि इसमें विभिन्न समुदायों के लिए प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन पद्धतियां अपनाने के बारे में स्पष्ट रूप से मार्गदर्शन को भी शामिल किया है। यह बदलाव स्वच्छता के लिए जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देता है, सभी व्यक्तियों को अपने समाज की भलाई में सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करता है। हमारे प्रधानमंत्री ने इस पहल को आगे बढ़ाया, जिसके परिणामस्वरूप भारत खुले में शौच से मुक्त हुआ और हमारे समुदायों में जनभागीदारी की अनोखी अलख जगी।

शहरी क्षेत्रों में, एसबीएम ने अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण का नेतृत्व किया है। कुशल अपशिष्ट पृथक्करण प्रणालियों के कार्यान्वयन से लेकर अपशिष्ट-से-ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना तक, देश भर के शहरों ने आज अभिनव समाधान अपनाए हैं, जो कि वर्ष 2014-2024 के बीच हमारे माननीय प्रधानमंत्री कुशल मार्गदर्शन में दूरदर्शी नेतृत्व और अथक प्रयासों से ही संभव हुआ है।

स्वच्छ सर्वेक्षण के रूप में एक वार्षिक स्वच्छता सर्वे की शुरूआत हुई, जिसने शहरों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया। इसने शहरों को सफाई और स्वच्छता संबंधी मानकों का स्तर बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया है, साथ ही स्वच्छता को स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण के साथ जोड़ा है।

स्वच्छ भारत मिशन के मूल में समाज के हर वर्ग और समुदायों की सक्रिय भागीदारी है। स्कूली बच्चों से लेकर महिला समूहों तक, सभी नागरिक स्वच्छता के प्रहारी बन गए हैं। राज्य सरकारों ने स्थानीय स्तर पर राष्ट्रीय नीतियों को लागू किया है और स्वच्छता को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश स्थापित किए हैं। उन्होंने सार्वजनिक शौचालयों और अपशिष्ट प्रबंधन सुविधाओं जैसे आवश्यक बुनियादी ढांचे के निर्माण के साथ शहरों में विशिष्ट स्वच्छता संबंधी रणनीतियां तैयार की हैं। साथ ही, नगरपालिका कर्मचारियों और सफ़ाई कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से क्षमता निर्माण में भी निवेश किया गया है। राज्यों ने निरंतर प्रगति को ट्रैक करने और उसके आवश्यक समायोजन के लिए मजबूत निगरानी और मूल्यांकन तंत्र के साथ स्तर को बेहतर बनाया है, और स्वच्छ सर्वेक्षण का एक उपकरण के रूप में उपयोग किया है। विभिन्न क्षेत्रों के साथ सहयोग करके, मिशन ने स्थानीय निकायों, गैर सरकारी संगठनों और नागरिकों को एक साझा लक्ष्य की दिशा में मिलकर काम करने के लिए सशक्त बनाया है।

## मैया की उतारूं नज़रियां

कूके अमवा की डाली, कोयलिया हो कोयलिया,
जगदंबे मैया की उतारूं, नज़रियां हो नज़रिया
चम-चम चमके झिलमिल चूंदडी तारों सी,
दम-दम दमके बिंदियां, नथनी सितारों सी,
खन-खन खनके रंग बिरंगी चूड़ियां हो चूड़ियां,
जगदंबे मैया की उतारूं, मैं नज़रियां हो नज़रिया
गुलाब, बेला,कमल फूलों की माला लागे न्यारी,
लाल-लाल रची मेंहदी हाथों में प्यारी-प्यारी,
बाजे छम-छम मैया की पायलिया हो पायलियां,
जगदंबे मैया की उतारूं, मैं नज़रियां हो नज़रिया
दस भुजाओं में अस्त्र-शस्त्र खड्ग खप्पर धारी,
माता भवानी करें पीले-पीले सिंह की सवारी,
काजल की धार बिजली सी कटारिया हो कटारिया,
जगदंबे मैया की उतारूं, मैं नज़रियां हो नज़रिया
दयालु जगत जननी भयहारिणी संकट निवारिणि,
पूजन आनंद श्रद्धा से करें मां है सिद्धि दायिनी,
भक्त आए कर जोड़ मां की दुअरिया हो दुअरिया,
जगदंबे मैया की उतारूं, नज़रियां हो नज़रिया
कूके अमवा की डाली, कोयलिया हो कोयलिया,
जगदंबे मैया की उतारूं, नज़रियां हो नज़रिया



मोनिका डागा 'आनंद'
चेन्नई, तमिलनाडु

## लघु कथा सीख

एक छोटे से गाँव में एक पंछी रहता था जिसका नाम था चिरकुट। चिरकुट को उड़ते-उड़ते भूख लगती थी और वह कभी मंदिर के पास तो कभी मस्जिद के पास भोजन की तलाश में जाता था। एक दिन उसने मंदिर के प्रसाद का आनंद लिया और उड़ते-उड़ते मस्जिद की छत पर बीट कर दी। अगले दिन, मस्जिद के पास उसे कुछ खाने को मिला और उसने मंदिर की छत पर बीट कर दी।

गाँव के लोग इस बात से परेशान हो गए और सोचने लगे कि यह पंछी किस धर्म का अपमान कर रहा है। वे आपस में बहस करने लगे कि कौन सा ईश्वर इस पंछी को सजा देगा।

तभी गाँव के एक बुजुर्ग ने सबको शांत किया और कहा, यह पंछी न तो मंदिर का है, न मस्जिद का। यह सिर्फ एक पंछी है जो अपनी भूख मिटाने के लिए उड़ता है। ईश्वर किसी को सजा देने के लिए नहीं, बल्कि हमें सिखाने के लिए हैं। हमें इस पंछी से सीखना चाहिए कि धर्म का असली मतलब क्या है - प्रेम, करुणा और सहनशीलता।

गाँव के लोग बुजुर्ग की बात समझ गए और उन्होंने चिरकुट को उसके हाल पर छोड़ दिया। अब वे मंदिर और मस्जिद दोनों में एक साथ मिलकर पूजा और इबादत करने लगे, और चिरकुट भी बिना किसी डर के गाँव में उड़ता रहता है।

गिरीश ठक्कर *स्वर्गीय*
राजनंदगांव




नीरज कुमार दुबे

भारत के साथ संबंधों के प्रति मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू का बदला हुआ दृष्टिकोण कोई आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि मालदीव की राजनीति में अक्सर देखने को मिलता है कि चुनाव अभियानों के दौरान राजनेता जो बयानबाजी करते हैं, वह आधिकारिक नीतिगत निर्णयों में तब्दील नहीं होती। मुइज्जू को राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद भारत की अहमियत समझ आ चुकी है। कर्ज में डूबे अपने देश को उबारने के लिए मुइज्जू को भारत की मदद की सख्त जरूरत है इसलिए चुनावों में इंडिया आउट का नारा देने वाले मुइज्जू भारत की शरण में आये हैं।

# इंडिया आउट का नारा देने वाले मुइज्जू को भारत की शरण में क्यों आना पड़ा?

चीन की यात्रा के दौरान ढेरों आश्वासन मिलने के बावजूद मुइज्जू अपने देश के लिए कुछ ठोस हासिल नहीं कर पाये इसलिए भारत से मदद मांगने आये हैं।हम आपको बता दें कि मालदीव पर बड़ा आर्थिक संकट मंडरा रहा है इसलिए वह चाहता है कि भारत ऋण भुगतान को थोड़ा आसान बना दे। अपनी भारत यात्रा से ठीक पहले मुइज्जू ने अपने देश को वित्तीय सहायता की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा था कि दिल्ली द्वीप राष्ट्र की वित्तीय स्थिति से पूरी तरह परिचित है और माले के सबसे बड़े विकास भागीदारों में से एक के रूप में बोझ को कम करने के लिए हमेशा तैयार रहेगी। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ता के दौरान भारत और मालदीव ने 40 करोड़ डॉलर की मुद्रा अदला-बदली को लेकर जो समझौता किया है उससे मालदीव को विदेशी मुद्रा भंडार से जुड़े मुद्दों से निपटने में मदद मिलेगी। हम आपको यह भी बता दें कि अभी पिछले महीने ही वैश्विक एजेंसी मूडीज़ ने मालदीव की क्रेडिट रेटिंग यह कहते हुए घटा दी थी कि डिफ़ॉल्ट जोखिम बढ़ गए हैं। दरअसल मालदीव को ऋण भुगतान में चूक का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उसका विदेशी मुद्रा भंडार गिरकर 440 मिलियन डॉलर हो गया है, जिससे कि सिर्फ डेढ़ महीने तक ही वस्तुओं का आयात किया जा सकता है। गौरतलब है कि यह द्विपीय राष्ट्र खाने पीने से लेकर अपनी तमाम जरूरतों के लिए विदेशों से सामान आयात करता है। विदेशों से सामान आयात करने के लिए उसे डॉलर की जरूरत है। विदेशी कर्ज चुकाने के लिए भी उसे डॉलर की जरूरत है। इसलिए मालदीव के सामने मुश्किल यह है कि वह अपने विदेशी मुद्रा भंडार में पड़े डॉलरों से कर्ज चुकाये या अपनी जनता के लिए जरूरत का सामान मंगवाये। इसके अलावा मालदीव को अपने यहां बुनियादी ढांचे में निवेश की भी जरूरत है ताकि जनता के जीवन स्तर को बढ़ाया जा सके। इसके लिए भी भारत पहले ही मालदीव को विभिन्न बुनियादी ढांचे और विकास परियोजनाओं के लिए 1.4 अरब डॉलर की वित्तीय सहायता की पेशकश कर चुका है। हम आपको यह भी याद दिला दें कि इस साल जनवरी में दोनों देशों के संबंधों में आये तनाव के मद्देनजर भारतीयों ने मालदीव में पर्यटन का बहिष्कार कर दिया था जिससे वहां की अर्थव्यवस्था को बड़ा नुकसान पहुँचा है। मुइज्जू को अपनी चीन यात्रा के दौरान राष्ट्रपति शी जिनपिंग से आश्वासन मिला था कि वह बड़ी संख्या में चीनियों को मालदीव में पर्यटन के लिए भेजेंगे लेकिन चीन से कोई नहीं आया। बताया जाता है कि मालदीव जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में 50,000 की गिरावट आई है, जिसके परिणामस्वरूप देश को लगभग 150 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। इसलिए मालदीव के राष्ट्रपति ने अपने भारत दौरे के दौरान कहा है कि वह मालदीव में बड़ी संख्या में भारतीय पर्यटकों का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। हम आपको यह भी याद दिला दें कि मुइज्जू ने परोक्ष रूप से भारत पर कटाक्ष करते हुए कहा था कि इस छोटे से देश को धमकाने का लाइसेंस किसी के पास नहीं है। उन्होंने भारत के लिए अपने सैन्य कर्मियों को देश से वापस बुलाने के लिए 15 मार्च की समय सीमा भी तय की थी। मगर अब मुइज्जू भारत को साथ लेकर चलना चाहते हैं।



**हम आपको यह भी याद दिला दें कि इस साल जनवरी में दोनों देशों के संबंधों में आये तनाव के मद्देनजर भारतीयों ने मालदीव में पर्यटन का बहिष्कार कर दिया था जिससे वहां की अर्थव्यवस्था को बड़ा नुकसान पहुँचा है।**

इसलिए उन्होंने कहा है कि मालदीव कभी भी ऐसा कुछ नहीं करेगा जिससे भारत की सुरक्षा कमजोर हो। उन्होंने कहा है कि भारत मालदीव का एक मूल्यवान भागीदार और मित्र है और हमारा संबंध आपसी सम्मान और साझा हितों पर बना है। उन्होंने कहा है कि हम विभिन्न क्षेत्रों में अन्य देशों के साथ अपना सहयोग बढ़ाते हैं, लेकिन हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हमारे कार्यों से हमारे क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता से समझौता नहीं हो। जहां तक मुइज्जू की भारत यात्रा के दौरान मालदीव को हुए लाभ की बात है तो आपको बता दें कि मालदीव के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मिलकर अपने देश में रूपे कार्ड को डिजिटल रूप से जारी किया। इसके अलावा दोनों नेताओं ने हनीमाधू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नये रनवे का उद्घाटन किया और द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर सहमति जतायी। चार दिवसीय राजकीय दौरे पर आए मुइज्जू ने हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री मोदी के साथ विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की।

**मोदी ने मुइज्जू के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह भी ऐलान किया कि अब ग्रेटर माले संपर्क परियोजना में भी तेजी लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि हम थिलाफुशी में एक नये वाणिज्यिक बंदरगाह के विकास में सहायता करेंगे। प्रधानमंत्री ने साथ ही कहा कि भारत और मालदीव ने आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने का फैसला किया है। उन्होंने मालदीव को एक 'घनिष्ठ मित्र' बताया जिसका भारत की पड़ोस नीति और सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और वृद्धि) दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण स्थान है।**

इस दौरान भारत ने मालदीव को 700 से अधिक सामाजिक आवास भी सौंपे। इसका निर्माण एक्जिम बैंक (भारतीय निर्यात-आयात बैक) की खरीदार कर्ज सुविधा के तहत किया गया है। मोदी ने मुइज्जू के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह भी ऐलान किया कि अब ग्रेटर माले संपर्क परियोजना में भी तेजी लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि हम थिलाफुशी में एक नये वाणिज्यिक बंदरगाह के विकास में सहायता करेंगे।

# पशु भी चाहते हैं आजादी और प्रेमपूर्ण व्यवहार

दरअसल, देश भर में जंगलों की तेजी से कटाई के कारण वन्य पशुओं का आशियाना दिनोंदिन उजड़ता जा रहा है। आज विश्व की कुल जनसंख्या 08 अरब (08 अरब साढ़े 17 करोड़) से भी अधिक हो चुकी है और प्रत्येक वर्ष इससे दो गुना से भी ज्यादा लगभग 18 अरब तक वृक्षों की कटाई हो रही है। बढ़ती जनसंख्या और घटती वन-संपदा ने जिन कुछ प्रमुख समस्याओं को जन्म दिया या बढ़ाया है, उनमें सर्वाधिक चिंतनीय और घातक समस्या वन्य पशुओं का लगातार बढ़ता हुआ आतंक है। उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिले बहराइच का प्रकरण सामने है, जहां मार्च 2024 में शुरू हुए भेड़ियों के खूनी हमलों के सर्वाधिक शिकार इलाके के छोटे-छोटे बच्चे हुए। इन हमलों में अब तक लगभग 10 बच्चों समेत कम-से-कम एक दर्जन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 40 से अधिक लोग घायल हुए हैं। दुर्भाग्य से घायलों में भी अधिकतर बच्चे ही हैं। वैसे देखा जाए तो भेड़िए ही नहीं, बल्कि हाथी, शेर, सियार, तेंदुआ, चीता, भेड़िया, भालू और बाघ जैसे बेहद खूंखार और भयावह वन्य पशुओं का मानव बस्तियों में अतिक्रमण और उनके द्वारा मनुष्यों, विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं पर हमले किए जाने की घटनाएं दिनोंदिन बढ़ती ही जा रही हैं। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में बाघों, भालुओं, तेंदुओं और जंगली हाथियों, मध्य प्रदेश में सियारों एवं पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में जंगली हाथियों के हमले मनुष्यों कोई नई बात नहीं है। निर्विवाद रूप से ये घटनाएं अत्यंत दुरूखद और भयावह हैं। इसलिए लोगों का आक्रोशित होना उचित है, लेकिन प्रश्न है कि आखिर जंगल में आजाद विचरण करने, छोटे वन्य पशुओं का शिकार कर अपना तथा परिवार का भरण-पोषण करने और सामान्यत: अपने परिवार के साथ जीवन यापन करने वाले ये भेड़िए इतने खूंखार क्यों हो गए कि हमारे छोटे-छोटे मासूम बच्चों को मारकर खाने लगे।



दरअसल, देश भर में जंगलों की तेजी से कटाई के कारण वन्य पशुओं का आशियाना दिनोंदिन उजड़ता जा रहा है। आज विश्व की कुल जनसंख्या 08 अरब (08 अरब साढ़े 17 करोड़) से भी अधिक हो चुकी है और प्रत्येक वर्ष इससे दो गुना से भी ज्यादा लगभग 18 अरब तक वृक्षों की कटाई हो रही है। पेड़ों की इस अंधाधुंध कटाई की भरपाई किए जाने का एक ही तरीका हो सकता है और वह है तीव्र गति से नए पौधों का रोपण और उनकी देखभाल करना यानी जितने पेड़ प्रत्येक वर्ष काटे जा रहे हैं, कम-से-कम उतने पौधे भी दुनिया भर में लगाए जाएं। हालांकि उन पौधों के पेड़ बनने में कई वर्ष लग जाते हैं। इसलिए वास्तव में पौधरोपण की जो वर्तमान दर और गति है, उससे लगातार नष्ट किए जा रहे जंगलों के एवज में नए जंगल उगा पाना संभव नहीं है।

तात्पर्य यह कि पौधरोपण वन्य पशुओं के प्राकृतिक रहवास और पर्यावरण दोनों को बचाने का सर्वश्रेष्ठ विकल्प तो अवश्य है, किंतु इस कार्य में पूर्ण रूप से सफलता प्राप्त करने के लिए पौधरोपण की गति को हमें इस हद तक बढ़ाना होगा कि जितने वृक्ष प्रत्येक वर्ष दुनिया भर में काटे जाते हैं, कम-से-कम उससे डेढ़ गुना तक पौधे तो अवश्य ही लगाए जाएं, जबकि प्रत्येक वर्ष 18 अरब काटे जाने वाले वृक्षों की तुलना में आज दुनिया भर में मात्र पांच अरब पौधे ही लगाए जा रहे हैं।

- चेतनादित्य आलोक

# अनावश्यक विलंब पर देना होगा ध्यान

जनगणना में देरी को लेकर कांग्रेस ने सरकार से जो सवाल पूछा, उसका जवाब सामने आना ही चाहिए, क्योंकि इस कार्य में अनावश्यक विलंब हो रहा है। जनगणना 2021 में होनी थी, लेकिन कोविड महामारी के कारण उसे टालना पड़ा।

महामारी के प्रकोप को देखते हुए यह उचित ही था, लेकिन अब जब कोविड महामारी समाप्त हो चुकी है और लोकसभा चुनाव होने के साथ अन्य दूसरे बड़े आयोजन हो रहे हैं, तब फिर यह प्रश्न अनुत्तरित क्यों हैं कि जनगणना कब शुरू होगी? ध्यान रहे कि कोविड महामारी के कारण जिन अन्य देशों ने भी जनगणना टाल दी थी, उनमें से कई देश उसे पूरा कर चुके हैं।

पड़ोसी देश श्रीलंका में भी जनगणना होने जा रही है। उसका ही उल्लेख कर कांग्रेस ने सरकार के सामने जनगणना में देरी का प्रश्न रखा है। यह ठीक है कि श्रीलंका एक छोटा देश है, लेकिन जनगणना के महत्व को देखते हुए भारत सरकार को उसमें और अधिक देर नहीं करनी चाहिए। यदि जनगणना में और अधिक देरी हुई तो इससे यह प्रश्न भी उठ खड़ा होगा कि उसे 2031 में कराया जाएगा या नहीं? कहीं ऐसा न हो कि जनगणना में और अधिक देरी से उसका क्रम ही बाधित हो जाए। जनगणना में देरी का एक दुष्परिणाम यह भी होगा कि महिला आरक्षण कानून के अमल में विलंब हो सकता है। इसी तरह निर्वाचन क्षेत्रों के सीमांकन का काम भी अटक सकता है। यह ठीक है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह करीब तीन सप्ताह पहले यह संकेत दे चुके हैं कि जनगणना शीघ्र कराई जाएगी, लेकिन उचित यह होगा कि इसे स्पष्ट किया जाए कि यह कब कराई जाएगी और इसमें देरी क्यों हो रही है, क्योंकि अब विलंब का कोई कारण नहीं दिखता। चूंकि पिछले आम बजट में जनगणना के लिए कोई विशेष आवंटन नहीं किया गया, इसलिए यह प्रश्न उभर आया है कि अब कहीं अगले वर्ष बजट के बाद ही तो जनगणना शुरू नहीं होगी? जनगणना एक लंबी प्रक्रिया है। यदि अगले वर्ष जनगणना शुरू होती है तो उसके आंकड़े सामने आने में लगभग दो वर्ष का समय लग सकता है। ऐसे में उचित यही है कि इसे यथाशीघ्र शुरू किया जाए, क्योंकि यह एक संवैधानिक दायित्व भी है। जनगणना केवल देश के लोगों की गिनती करना ही नहीं है। यह लोगों की आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक स्थिति का पता लगाने का उपक्रम भी है। चूंकि जनगणना में देर हो रही है, इसलिए केंद्र और राज्य सरकारों को 2011 के आंकड़ों से ही काम चलाना पड़ रहा है। यह ठीक नहीं, क्योंकि अब इतने पुराने आंकड़े प्रासंगिक नहीं रह गए हैं। पुराने आंकड़ों के सहारे किसी योजना का क्रियान्वयन करना ठीक नहीं।



जनगणना के सटीक आंकड़े जहां जनकल्याण और विकास की प्रभावी योजनाएं तैयार करने में मददगार साबित होते हैं, वहीं शोध एवं व्यापारिक संस्थानों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होते हैं।

## राशिफल

**मेष**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखना चाहिए। इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। पैसों से जुड़े बड़े फैसले आपको सोच-समझकर ही लेने चाहिए।

**वृषभ**
आज आपका दिन उत्तम रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा है। किसी कॉम्पिटिटिव एग्जाम से रिलेटिड शुभ समाचार मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। आप दोस्तों के साथ कुछ खुशी के पल बितायेंगे।

**मिथुन**
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी व्यक्ति से आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है।

**कर्क**
आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप अपने व्यवहार को निखारने की कोशिश करेंगे। आपके कुछ कामों में अधिक समय लगेगा, जिससे आपको थोड़ी उलझन होगी। ऑफिस में आपको कुछ लोगों से मदद मिलेगी।

**सिंह**
आज आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। आपको सबका पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। माता-पिता आपको कोई बड़ा गिफ्ट देंगे इससे आप बड़े ही खुश नजर आएंगे।

**कन्या**
आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपका दिन घूमने-फिरने में अधिक बीत सकता है। परिवार वालों के साथ समय बितायेंगें। इस राशि के व्यापारी वर्ग को अचानक कोई बड़ा धन लाभ होगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा मजबूत होगा।

**तुला**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे। मेहनत से किये गये काम में आपको सफलता मिलेगी। इस राशि के कॉलेज के स्टूडेंट्स को नये प्रोजेक्ट पर काम करनेका मौका मिलेगा।

**वृश्चिक**
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। बच्चे आपको कोई शुभ समाचार देंगे, जिससे परिवार के सभी सदस्य खुश होंगे। सेहत के मामले में आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे। आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा। किसी रचनात्मक कार्य में आपका नाम होगा।

**धनु**
आज आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को शिक्षकों का सपोर्ट मिलेगा। आने वाले समय में आपकी महत्वकांक्षाएं बढ़ भी सकती हैं। हर कोई आपकी बातों से प्रभावित होगा। जल्द ही कुछ नई जिम्मेदारियां आपको मिलेगी।

**मकर**
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप ज्यादा समय परिवार वालों के साथ बिता सकते हैं। आज आपके लिए कोई फैसला करना कठिन होगा। ऑफिस में काम ज्यादा होने के कारण जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान कैंसिल हो जायेगा।

**कुंभ**
आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर पर अचानक कोई रिश्तेदार आ सकते हैं, जिससे घर के माहौल में कुछ अच्छे बदलाव आएंगे। आपको किसी भी वाद-विवाद से बचने की जरुरत है। किसी से बातचीत करते समय आपको अपनी वाणी पर संयम रखना चाहिए।

**मीन**
आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी, जो कि आप अच्छे से संभाल लेंगे। साथ काम करने वाले लोगों से आपको मदद मिलेगी। दोस्तों की मदद से आपके काम की प्लानिंग सफल होगी।

## ।। होवय राम लीला ।।

दाई बिराजय शहर गांव मा ,होवय राम लीला।
सियान लागे न लइका,जुरियावय माई पिला।।
सबले पहिली नट- नटी ,जोकर के मेंछा टेंड़गा।
कुरता पहिरय चमचम ले पैजामा अड़बड़ ढिला।।
विभीषण के बिरथ अरज थके मंदोदरी बरज-बरज।
राधेश्याम के निक तरज,हांसय रावन गरज-गरज।।
हफ्ता- हफ्ता होवय लीला ,कइसनो चिबरी गिल्ला।
बियास गावे दोहा चौपाई ,हरमुनिया के सुर खरज।।
अब के लईकन मन ला ,तइहा के बात बतावन ।
चुंगड़ी बोरा बिछावन त,आघू म जघा पोगरावन।।
आठ दिन ले खंगत-खंगत,अब एकेच दिन नंगत।
देखे नई मिले राम जनम, अब सोझे जरय रावन।।
नवा जुग के नवा चलन ,अब तो रास गरबा आगे।
दीदी दाई के सरधा भगति अंबा अंबिका ला भागे।।
डी जे धुन मोबाईल त,कतकोन टी.वी.चैनल लाईव।
फेर देवी दरस बर मचे भगदर्रो,जियरा ल कलपागे।।




रोशन साहू मोखला
(राजनांदगांव)

## शब्द सामर्थ्य- 396

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**
1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



## शब्द सामर्थ्य - 395

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | | | इं | | | |
| स | ह | | ब | र | सा | त | | प |
| | क | हा | नी | | न | क | च | ढ़ा |
| त | | | स्ब | | | ली | | ई |
| क | या | म | त | | क | फ | न | |
| दी | | र्दा | | बा | बू | | ह | वा |
| र | ह | ना | | ल | त | खो | र | |
| | वा | | नौ | क | र | | | सा |
| भा | ई | | का | | | बा | द | ल |

## सू-दोकू क्र. 396

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.200 का हल

## सू-दोकू क्र. 395 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

भास्कर दूत

रायपुर, बुधवार 9 अक्टूबर 2024

# मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच सोने की कीमतों में उछाल जारी

**नई दिल्ली। मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच सोने की कीमतों में तेजी जारी है। इस सप्ताह सोने में निश्चित उछाल देखने को मिला है। ईरान-इजरायल संघर्ष के कारण सोने की ऊंची कीमतों के साथ अधिक खरीद के बावजूद खरीदारों की स्थिति बरकरार रही।**



सोने की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी देखी गई। सुबह के कारोबार में 24 कैरेट सोने की कीमत 7,785.3 रुपये प्रति ग्राम थी। यह शुक्रवार के मुकाबले 120 रुपये की वृद्धि को दर्शाती है। वहीं, 22 कैरेट सोने की कीमत 7,138.3 रुपये प्रति ग्राम थी, जो कि शुक्रवार से 110 रुपये ज्यादा थी।

एसकेआई कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक नरिंद्र वाधवा ने कहा, मध्य पूर्व में राजनीतिक अस्थिरता के समय, सोना अक्सर सुरक्षित निवेश का विकल्प बन जाता है, जबकि कच्चे तेल की कीमतें आपूर्ति में बाधा आने की चिंता के कारण तेजी से प्रतिक्रिया करती हैं। वाधवा ने आगे कहा, अनिश्चितता से सोना खरीदने की बढ़ती मांग हो रही है, क्योंकि लोग इसे सुरक्षित निवेश मानते हैं। इसके साथ ही, ऊर्जा बाजार में भी तेल की कमी की अटकलें लगाई जा रही हैं, जिससे सोना और तेल दोनों ही वैश्विक जोखिम का संकेत बन गए हैं। व्यापार विश्लेषकों का अनुमान है कि ब्याज दरों में निरंतर नरमी से सोने के खरीदारों की रुचि बनी रहेगी। हालांकि, वैश्विक स्तर पर सोने की कीमत 0.2 प्रतिशत गिरकर 2,649.69 डॉलर प्रति औंस पर आ गई। क्योंकि सितंबर में अमेरिकी नौकरियों में वृद्धि हुई जबकि बेरोजगारी दर घटकर 4.1 प्रतिशत पर आ गई। बेहतर नौकरियों के आंकड़ों के बाद शुक्रवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। विश्लेषकों के अनुसार अगर सप्ताह के अंत तक भू -राजनीतिक स्थितियां और प्रतिकूल होती हैं तो सोने की कीमतों में तेजी बनी रहेगी। भारत सहित वैश्विक बाजारों में अस्थिरता के बीच, बाजार पर्यवेक्षकों ने निवेशकों को शांत रहने की सलाह दी है क्योंकि स्थिति में जल्द ही सुधार होने की संभावना जताई जा रही है। वहीं, दूसरी ओर शेयर निवेशक मध्य पूर्व में बढ़ते संघर्ष पर नजर रख रहे हैं। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और चीन जैसे सस्ते बाजारों में फंड के प्रवाह के बीच भविष्य में बाजार में निराशावाद जारी रहने की उम्मीद है।

एलपीजी उपभोक्त ाओं के लिए अलर्ट!

# ई-केवाईसी कराना हुआ जरूरी, नहीं तो कट जाएगा गैस कनेक्शन

**महराजगंज ।** एलपीजी गैस सिलिंडर उपभोक्ताओं के लिए बड़ी खबर है। अब आपकों अपने कनेक्शन का ई-केवाईसी करवाना होगा, नहीं तो आपका कनेक्शन काट दिया जाएगा।




2019 के पहले जिनका कनेक्शन है, उन्हीं को ई-केवाईसी करानी है। वहीं एजेंसियों के कर्मचारी घर-घर जाकर चूल्हा व पाइप की भी जांच करेंगे। 31 दिसंबर तक जिनका ई-केवाईसी नहीं हुआ तो उनके गैस कनेक्शन निरस्त किए जाएंगे। घरेलू गैस कनेक्शन को लेकर पेट्रोलियम कंपनियों ने अपने वास्तविक उपभोक्ताओं की पहचान शुरू कर दी है। वितरक एजेंसियों को उपभोक्ताओं की सुरक्षा को लेकर घर-घर जांच का निर्देश दिया गया है। इससे एजेंसियां ग्राहकों को जागरूक कर रहीं। जिले में इंडेन, भारत गैस और एचपी गैस के लगभग पौने पांच लाख उपभोक्ता हैं। इस समय घरेलू सिलिंडर का दाम 903 रुपये है, इस पर भारत सरकार की ओर से 48 रुपये और उज्ज्वला के लाभार्थियों को 300 रुपये सब्सिडी मिल रही है। यानि सामान्य सिलेंडर 855 और उज्ज्वला सिलेंडर 550 रुपये में मिल रहा है। लेकिन लंबे समय से उपभोक्ताओं का सर्वे न होने के कारण सब्सिडी में भी समस्या आ रही है।

इन समस्याओं को लेकर पिछले दिनों सरकार के निर्देश के क्रम में अब पेट्रोलियम कंपनियों की ओर से अभियान चलाकर ग्राहकों की ई-केवाइसी कराई जा रही है। इसके लिए दिसंबर तक का समय दिया गया है। घरेलू गैस कनेक्शन धारकों और सिलेंडर की सुरक्षा के मद्देनजर चूल्हा व सिलेंडर जांच कराना अनिवार्य होता है। इसके लिए गैस एजेंसियों की ओर से उपभोक्ताओं के घर कर्मी पहुंचकर जांच करेंगे, जरूरत पड़ने पर पाइप आदि बदला जाएगा। ई-केवाइसी के साथ-साथ यह कार्य किए जा रहे हैं।

# पहली छमाही में वाहनों की खुदरा बिक्री 6.5 प्रतिशत बढ़ी, ग्रामीण मांग बढ़ने की उम्मीद

**नई दिल्ली ।** देश में वाहनों की खुदरा बिक्री सितंबर में कमजोर रहने के बावजूद मौजूदा वित्त वर्ष के पहले छह महीने में इसमें 6.55 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। मजबूत ग्रामीण मांग के कारण यह संभव हो सका है।



फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि इस साल सितंबर में वाहनों की ओवरऑल बिक्री पिछले साल के समान महीने की तुलना में 9.26 फीसदी कम रही। सितंबर 2023 में देश में 18,99,192 वाहन बिके थे जबकि सितंबर 2024 में यह संख्या 17,23,330 इकाई रही। इसमें यात्री वाहनों में 18.81 फीसदी, वाणिज्यिक वाहनों में 10.45 फीसदी और दोपहिया वाहनों में 8.51 फीसदी की गिरावट शामिल है। अप्रैल-सितंबर की अवधि में दोपहिया वाहनों की बिक्री में 9.08 प्रतिशत, तिपहिया में 7.58 प्रतिशत और यात्री वाहनों (पीवी) में 1.07 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। हालांकि, वाणिज्यिक वाहनों (सीवी) और ट्रैक्टरों की बिक्री में क्रमश: 0.65 प्रतिशत और 8.82 प्रतिशत की गिरावट आई।

फाडा के अध्यक्ष सी.एस. विग्नेश्वर के अनुसार, पितृपक्ष ने बिक्री को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया, जिससे विभिन्न श्रेणियों में खुदरा बिक्री में साल-दर-साल गिरावट आई। उन्होंने कहा, मांग बढ़ाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में छूट और ऑफर पेश किए गए हैं, लेकिन इनसे बिक्री में अभी तक कोई सुधार नहीं हुआ है।

मानसून के दौरान सामान्य से आठ प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई, जिससे कई क्षेत्रों में वाहनों की खुदरा बिक्री प्रभावित हुई। इसका मांग पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। फाडा के अनुसार, ऑटोमोबाइल के खुदरा कारोबार के लिए निकट भविष्य अच्छा है, क्योंकि नवरात्र और दिवाली दोनों एक ही महीने में पड़ते हैं, जिससे वाहनों की बिक्री में तेजी की उम्मीद है।

जलाशयों में जलस्तर अच्छा रहने और फसल की पैदावार में सुधार होने से ग्रामीण मांग को समर्थन मिलने के कारण, त्योहारी सीजन में दोपहिया, यात्री वाहनों, और ट्रैक्टरों की बिक्री में वृद्धि होने की उम्मीद है।

# सिंघम अगेन की ट्रेलर रिलीज डेट का ऐलान, धूम 4 को लेकर आई है बड़ी खबर




अजय देवगन की सिंघम अगेन का इंतजार फैंस बेसब्री से कर रहे हैं. ये फिल्म दिवाली के मौके पर धमाल मचाने के लिए तैयार है. फिल्म से अभी तक सभी सितारों के फर्स्ट पोस्टर सामने आ चुके हैं. अब फैंस को ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार है. अजय देवगन और रोहित शेट्टी से ट्रेलर के साथ धमाल मचाने का इंतजाम भी कर लिया है. ट्रेलर की रिलीज डेट सामने आ गई है.

रिपोर्ट के मुताबिक सिंघम अगेन का ट्रेलर 7 अक्टूबर को रिलीज होने वाला है. इस ट्रेलर को सारे एक्टर्स की प्रेजेंस में ही रिवील किया जाएगा. रिपोर्ट्स के माने तो य ` आम ट्रेलर लॉन्च नहीं होने वाला है. ये बहुत ग्रैंड होने वाला है. सिंघम अगेन का ट्रेलर नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में लॉन्च किया जाएगा. इसकी 2000 सीटे सिर्फ मीडिया नहीं बल्कि अजय, अक्षय, रणवीर, करीना, दीपिका और टाइगर के फैंस के लिए भी होंगी सभी सितारों के फैंस को भी बुलाया जाएगा. जिसकी वजह से ये इस साल का मोस्ट अवेटिड ट्रेलर बन गया है.ये साल 2024 के सबसे बड़ा इवेंट होने वाला है. एक सोर्स ने बताया- सिंघम अगेन बहुत ग्रैंड फिल्म है तो मेकर्स चाहते हैं कि इतनी बड़ी फिल्म का ट्रेलर भी बड़ा होना चाहिए. ये फिल्म 1 नवंबर को रिलीज होने जा रही है. अजय देवगन की सिंघम अगेन का क्लैश कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 से होने वाला है. दोनों ही फिल्में 1 नवंबर को रिलीज होने वाली हैं. देखना होगा बॉक्स ऑफिस पर कौन सी फिल्म बाजी मारती है।

बॉक्स ऑफिस पर देवरा की दैनिक कमाई में मामूली बढ़त

# 230 करोड़ रुपये की कमाई के आंकड़ा पार




जूनियर एनटीआर, सैफ अली खान और जाह्नवी कपूर जैसे दिग्गज सितारों की उम्दा अदाकारी से सजी फिल्म देवरा को सिनेमाघरों में रिलीज का दूसरा सप्ताह चल रहा है और दर्शकों के बीच अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए हैं।इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 230 करोड़ रुपये की कमाई के आंकड़ा पार कर लिया है।अब देवरा की कमाई के 9वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जिसमें मामूली बढ़त देखने को मिली है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, देवरा ने अपनी रिलीज के 9वें दिन यानी दूसरे शनिवार को 8.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 230.35 करोड़ रुपये हो गया है।देवरा का निर्देशन कोराताला शिवा ने किया है। इसमें एनटीआर डबल रोल में नजर आ रहे हैं।देवरा के जरिए जाह्नवी कपूर ने दक्षिण भारतीय सिनेमा में कदम रखा है। सैफ अली खान ने फिल्म में भैरा नाम के विलेन की भूमिका निभाई है।

# सिंघम अगेन में सलमान खान की एंट्री कन्फर्म! चुलबुल पांडे देंगे अजय देवगन का साथ



बिग बॉस 18 आज से शुरू होने वाला है. शो को सलमान खान होस्ट कर रहे हैं. इसी बीच एक बड़ी खबर सामने आई है कि सलमान खान दीवाली के मौके पर एक खास तोहफा अपने फैंस को देने वाले हैं. दरअसल सलमान खान रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन में चुलबुल पांडे के तौर पर नजर आने वाले हैं. जी हां, दीवाली में सलमान खान धूम-धड़ाका करते हुए कॉप यूनिवर्स के पुलिस वालों के साथ दुश्मनों से दो-दो हाथ करते नजर आने वाले हैं. बॉलीवुड हंगामा ने अपने एक सोर्स के हवाले से बताया है, सिंघम अगेन में पहले से ही कई बड़े स्टार्स नजर आने वाले हैं. और अब इसमें बॉलीवुड के दबंग अपने दबंग अवतार में नजर आने वाले हैं. सलमान खान चुलबुल पांडे के तौर पर फिल्म का हिस्सा बनेंगे. फिल्म में एक खास जगह पर उनका अपीयरेंस होगा. फिल्म की शूटिंग नहीं की है. लेकिन चुलबुल पांडे के तौर पर शूट के लिए तैयार हो गए हैं. याद दिला दें कि एक बार रिएलिटी शो के दौरान रोहित शेट्टी ने सलमान खान से इस बारे में पूछा था तो उन्होंने जवाब में कहा था कि मैं एक बार कमिटमेंट कर दूं तो उसे पूरा करता हूं.

बता दें कि सिंघम अगेन रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स का हिस्सा है. अजय देवगन स्टारर इस फिल्म में करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ और अर्जुन कपूर जैसे कई बड़े स्टार्स हैं. ऐसे में सलमान खान की एंट्री भर से फिल्म की कमाई नया मुकाम हासिल कर सकती है. इस यूनिवर्स की सिंघम सीरीज के अलावा सूर्यवंशी और सिंबा जैसी फिल्मों की टोटल कमाई जोड़ें तो वो 1000 करोड़ से ज्यादा बैठती है।

## खेल



# वनडे में दूसरी बार आयरलैंड ने साउथ अफ्रीका को हराया:तीसरा वनडे 69 रन से जीता

## पॉल स्टर्लिंग ने 88 रन की पारी खेली

साउथ अफ्रीका और आयरलैंड के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज के आखिरी मुकाबले में आयरलैंड ने साउथ अफ्रीका को 69 रन से हरा दिया। कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने 92 गेंदों में 88 रन बनाए। जबकि ग्राहम ह्यूम और क्रेग यंग ने तीन-तीन विकेट लिए। वनडे इतिहास में ये दूसरी बार है जब आयरलैंड ने साउथ अफ्रीका को हराया है। साउथ अफ्रीका ने पहले ही तीन वनडे मैचों की सीरीज के शुरुआती दो मैच जीत कर सीरीज अपने नाम कर ली थी। इससे पहले 2 टी-20 की सीरीज 1-1 की बराबरी पर थी।

अबूधाबी में खेले गए मैच में आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट खोकर 284 रन बनाए। टारगेट का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका 215 रन ही बना सकी।

### पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी

आयरलैंड को ओपनर पॉल स्टर्लिंग और एंडी बालबर्नी ने अच्छी शुरुआत दी। दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 140 गेंदों पर 101 रन बनाए। स्पिनर ट्रिस्टन स्टब्स ने साउथ अफ्रीका को पहली सफलता दिलाई। उन्होंने 24वें ओवर की दूसरी बॉल पर ओपनर एंडी बालबर्नी को लिजाद विलियम्स के हाथों कैच करा कर पवेलियन भेजा। बालबर्नी ने 73 गेंदों का सामना कर 45 रन बनाए।



बालबर्नी के आउट होने के बाद कप्तान स्टर्लिंग ने कर्टिस कैंपर के साथ भी अर्धशतकीय साझेदारी की। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 53 गेंदों पर 58 रन की पार्टनरशिप हुई। कैंपर ने 36 गेंदों पर 34 रन बनाए। कैंपर के आउट होने के बाद पॉल स्टर्लिंग भी जल्दी आउट हो गए। उन्होंने 92 गेंदों का सामना कर 88 रन बनाए।

### हैरी टेक्टर की हाफ सेंचुरी

कप्तान स्टर्लिंग के आउट होने के बाद हैरी टेक्टर ने आयरलैंड की पारी को संभाला। वे टीम के दूसरे टॉप स्कोरर रहे। उन्होंने 48 गेंदों का सामना कर 60 रन बनाए। उन्होंने लोर्कन टकर के साथ चौथे विकेट के लिए 50 गेंदों पर 54 रन की पार्टनरशिप की और टीम का स्कोर 9 विकेट पर 284 तक पहुंचाया। साउथ अफ्रीका की ओर से लिजाद विलियम्स ने 10 ओवर में 56 रन देकर 4 विकेट लिए। जबकि ओटनील बार्टमैन और एंडिले फेहलुकवायो ने 2-2 विकेट लिए।

### साउथ अफ्रीका ने 10 रन के अंदर 3 विकेट खोए

285 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 10 रन के अंदर 3 विकेट खो दिए।

आयरलैंड को पहली सफलता मार्क अडायर ने पहले ओवर में दिलाई उन्होंने ओवर की 5वीं बॉल पर रयान रिकेल्टन को आउट किया।

एक नजर

# टी-20 क्रिकेट में भारत के लिए इन बल्लेबाजों ने लगाए हैं सबसे ज्यादा छक्के

**नईदिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम और बांग्लादेश क्रिकेट टीम के बीच पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में सूर्यकुमार यादव ने 14 गेंदों में 29 रन की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 3 छक्के जड़े। उनकी स्ट्राइक रेट 207.14 की रही।इसी के साथ वह टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में पूर्व भारतीय दिग्गज सुरेश रैना के आगे निकल गए हैं।ऐसे में आइए टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले शीर्ष भारतीय खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं। सूची में पहले स्थान भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा हैं। उन्होंने अपना पहला टी-20 मुकाबला साल 2007 में खेला था।अब तक इस खिलाड़ी ने 448 मुकाबले खेले हैं। इसकी 435 पारियों में बल्लेबाजी करते हुए 525 छक्के लगाए हैं। उनके बल्ले से 30.88 की औसत और 134.76 की स्ट्राइक रेट से 11,830 रन निकले हैं।रोहित ने अपने टी-20 करियर में 1,069 चौके भी लगाए हैं। विराट कोहली इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं।




# टेस्ट सिलेक्शन में निराशा के बाद मार्कस हैरिस नई चुनौतियों के लिए तैयार

**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में जगह बनाने से चूकने के बाद मार्कस हैरिस ने नए सिरे से फोकस और नई मानसिकता के साथ 2024-25 शेफील्ड शील्ड सीजन पर अपना ध्यान केंद्रित कर लिया है। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट खिलाड़ी मार्कस हैरिस ने घरेलू सत्र से पहले क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, इस साल मेरे लिए यही अंतर है कि पिछले साल की तरह इस साल मेरे सिर पर टेस्ट में चयन होने का खतरा नहीं मंडरा रहा है।



उन्होंने कहा, मैं जानता हूं कि मैं कहां खड़ा हूं और मैं जिस स्थिति में हूं, मेरी उम्र क्या है, मुझे पता है कि अगर मुझे फिर से मौका मिलना है तो मुझे हर हाल में दरवाजा खटखटाना होगा। ऐसा लगता है कि वे छह बल्लेबाजों के बारे में काफी हद तक तय कर चुके हैं। लेकिन वे वास्तव में निश्चित नहीं हैं कि क्रम क्या होगा। 32 वर्षीय सलामी बल्लेबाज को कभी डेविड वार्नर के संभावित रिप्लेसमेंट के रूप में देखा जा रहा था। हालांकि पिछली गर्मियों में चयनकर्ताओं ने बल्लेबाजी ऑर्डर के साथ प्रयोग किया और तब हैरिस दरकिनार कर दिए गए। हैरिस और उनके प्रतिद्वंद्वियों कैमरन बैनक्रॉफ्ट और मैथ्यू रेनशॉ के स्थान पर स्टीव स्मिथ को पारी की शुरुआत करने के लिए उतारा गया। टेस्ट टीम में सिलेक्शन से चूकने की निराशा पर हैरिस ने स्वीकार किया कि उनके लिए अपने टेस्ट भविष्य की अनिश्चितता से बचना मुश्किल था, लेकिन इसके साथ आने वाली मानसिक चुनौतियों का समाधान करने के लिए उन्होंने कदम उठाए हैं।

# श्रीलंका क्रिकेट ने सनथ जयसूर्या को बनाया पुरुष टीम का हेड कोच

**कोलंबो ।** पूर्व कप्तान सनथ जयसूर्या को श्रीलंका पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। श्रीलंका के पूर्व ओपनर रह चुके जयसूर्या के मार्गदर्शन में टीम ने खासकर भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था।



जयसूर्या की नियुक्ति 1 अक्टूबर 2024 से शुरू हो गई है और वह 31 मार्च 2026 तक इस पद पर रहेंगे। श्रीलंका क्रिकेट के बयान के अनुसार, श्रीलंका क्रिकेट की कार्यकारी समिति ने यह निर्णय हाल के भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड दौरे पर टीम के अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए लिया, जहां जयसूर्या अंतरिम मुख्य कोच के रूप में टीम के साथ थे। मुख्य कोच के रूप में जयसूर्या की पहली जिम्मेदारी वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले सीमित ओवरों के मैच होंगे, जो दांबुला और पल्लेकेले में खेले जाएंगे।

जयसूर्या पहले श्रीलंका क्रिकेट के सलाहकार रह चुके हैं। उनको पहली बार जुलाई में अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। पिछले कुछ महीनों में जयसूर्या की देखरेख में, श्रीलंका ने 27 साल बाद भारत के खिलाफ पहली द्विपक्षीय वनडे सीरीज जीती, 10 साल में पहली बार इंग्लैंड को उनकी धरती पर टेस्ट मैच में हराया, और हाल ही में न्यूजीलैंड को घरेलू टेस्ट में 2-0 से हराया। 1991 से 2007 तक जयसूर्या ने 110 टेस्ट मैच खेले, जिसमें उन्होंने 40.07 की औसत से 6973 रन बनाए, जिसमें 14 शतक और 31 अर्धशतक शामिल हैं।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग-भानुप्रतापपुर**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**निविदा विज्ञप्ति क्र. 06/व.ले.लि./2023-24 भानुप्रतापपुर, दिनांक 04/10/2024**

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद निविदाएं दो लिफाफा पद्धति से कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग भानुप्रतापपुर के कार्यालय में प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग के द्वारा भवन कार्य हेतु नीचे दर्शाये गए दर अनुसूचि के अनुसार प्रपत्र "**अ**" में प्रतिशत के आधार पर स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है।

**निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि** :- 18.10.2024 अपरांह 5.30 बजे तक
**निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि** :- 24.10.2024 अपरांह 5.30 बजे तक
**निविदा खोलने की तिथि** :- 25.10.2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| निविदा क्रं | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू.में.) |
|---|---|---|
| T0010 | कौड़ोसाल्हेभाट ब्लाक कोयलीबेड़ा में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण। | 25.64<br>19300.00 |
| T0011 | जिला कांकेर के तहसील पखांजूर के रामकृष्णपुर में पटवारी कार्यालय सह आवास भवन निर्माण कार्य। द्वितीय आमंत्रण। | 6.06<br>4600.00 |

**नोट :-** निविदा प्रपत्र दिनांक 18/10/2024 अपराहन्ह 5.30 बजे तक अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निम्न अभिलेखों की राजपत्रिय अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करने के उपरांत प्राप्त किये जा सकेंगे -
1) विभाग के पंजीयन की छायाप्रति। 2) जी.एस.टी. पंजीयन की छायाप्रति।
3) बैंक साल्वेंसी (जारी दिनांक से 12 माह तक वैद्य)
4) आयकर रिटर्न चालू वर्ष की छायाप्रति।
5) ई.पी.एफ.ओं. प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति।
6) अमानत राशि का लिफाफा एवं निविदा प्रपत्र का लिफाफा अलग-अलग प्राप्त होगा। अमानत राशि का लिफाफा अलग से प्राप्त न होने पर निविदा प्रपत्र का लिफाफा नहीं खोला जायेगा। अन्य विवरण कार्यालयिन दिवस में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। कोई भी निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी का होगा। निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender अंतर्गत उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स)**
**संभाग-भानुप्रतापपुर**

**जी-24250001/3**

भास्कर दूत

रायपुर, बुधवार 9 अक्टूबर 2024

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय की चैतन्य झांकी आकर्षण का केंद्र

भास्कर दूत

बालोद। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर नवदुर्गा के आध्यात्मिक रहस्य को बताते हुए आमापारा स्थित आत्मज्ञान भवन में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित चैतन्य देवियों की झांकी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।



एक के बाद एक चैतन्य देवियां प्रकट होकर जड़ मूर्ति के रूप में स्थिर होकर भक्तों को दर्शन दे उन्हें शांति और दिव्यता की अनुभूति करा रही है।

यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है इस झांकी में शामिल में कन्याओं ने कहा कि वो सभी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से वर्षों से जुड़ी हैं और यह लोग एकाग्रता के लिए मेडिटेशन करती हैं, इसी का प्रतिफल उन्हें मिला है।उन्होंने लोगों को मेडिटेशन से जुड़कर जीवन को बेहतर बनाने की बात भी कही। बता दें कि पिछले कई वर्षों से नवरात्रि के अवसर पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आत्मज्ञान भवन द्वारा जीवंत झांकी की प्रस्तुति श्रद्धालुओं और आगंतुकों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहता है।मां जगदम्बा के विभिन्न रूपों की झलक पाने के लिए लोगों की यहां काफी भीड़ होती है।

द्वितीय दिवस का सीईओ जिला पंचायत डॉ संजय कन्नौजे,ब्रह्माकुमारी विजय लक्ष्मी दीदी द्वारा झांकी का दीप प्रज्वलन कर विधिवत उद्घाटन किया गया।

इस मनोरम चैतन्य झांकी की सराहना करते हुए जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे ने कहा कि यहां आकर साक्षात देवियों का दर्शन हो रहा है, हर बार यहां आने से बहुत अच्छा अनुभव होता है। आत्मज्ञान सुख, शांति की अनुभूति होती है।इस चैतन्य झांकी में संगीतमय कॉमेंट्री के माध्यम से ब्रह्माकुमारी, मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, मां उमा, मां काली की महिमा का लाइट एंड साउंड के माध्यम से प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केन्द्र हैं।

यह झांकी 11 अक्टूबर तक सर्व के निशुल्क दर्शनार्थ प्रतिदिन शाम को 06.30 बजे से रात्रि 10 बजे तक रहेगी।

झांकी के अंत में सभी को बताया जा रहा है राजयोग अनुभूति शिविर का निशुल्क आयोजन रविवार 13 अक्टूबर से रहेगा। जिसका समय प्रातः 8 बजे प्रात:9 बजे , संध्या 4से 5 बजे एवम रात्रि 8से 9बजे तक रहेगा। उपरोक्त किसी भी एक समय पर निशुल्क शिविर का लाभ लिया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर होनहार बेटीयों का सम्मान करेंगी एन एच आर सी सी बी छत्तीसगढ टीम

**जांजगीर-चांपा** / राष्टीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो छत्तीसगढ टीम समय समय पर विशेष दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर कार्यक्रम आयोजित करती आ रही है । इसी श्रृंखला मे अंतर्राष्टीय बालिका दिवस के अवसर पर 11 अक्टूबर 2024 को छत्तीसगढ के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को अधिक अवसर प्रदान के महत्व पर प्रकाश डालना और बालिकाओं द्वारा शिक्षा, पोषण, कानूनी अधिकार, चिकित्सा देखभाल, भेदभाव, हिंसा और बाल विवाह से सुरक्षा में आनेवाले असमानताओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु प्कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर बेटियाँ हमारी अभिमान बेटियाँ हमारी सम्मान पर शिक्षा , खेल, या किसी भी क्षेत्र मे अपनी योग्यता का बेहतर प्रदर्शन किया है उन्हें सम्मानित किया जाएगा इस कार्यक्रम के लिए सभी से एसे बालिकाओं कि सूची टीम के सदस्यों द्वारा बनाए जा रहे हैं। एन एच आर सी सी बी प्रदेश अध्यक्ष डॉ जतिंदरपाल सिंह ने जानकारी दी कि हमारी टीम द्वारा प्रत्येक वर्ष होनहार बच्चियों का सम्मान होता आया है इस वर्ष भी हम छत्तीसगढ के कई जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन कर बालिकाओं का सम्मान करेंगे ।




### युवा भाजपा नेता रमेश कुमार निषाद ने गरियाबंद क्षेत्र के लिए सुख समृद्धि खुशहाली के लिए की कामना



**गरियाबंद** । ग्राम कस में शारदीय नवरात्रि में दुर्गा उत्सव समिति द्वारा मां दुर्गा मूर्ति स्थापित कर ज्योति प्रज्वलित किया गया है।ग्रामीण भक्त जन बड़े ही हर्षोल्लास विधिविधान से सुबह शाम माता की सेवा आरती किया जा रहा हैं।इस बीच क्षेत्रीय भाजपा नेता रमेश निषाद एवं ग्राम के झाखर बैगा ने नवरात्रि के पंचमी के दिन दुर्गा पंडाल एवं शीतला माता की मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना कर परिवार समाज एवं क्षेत्रवासियों के लिए मंगल कामना करते हुए आशीर्वाद मांगा और आस्था के ज्योति मनोकामना ज्योति भी जलाया गया है।इस मौके पर ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम निषाद,उपाध्यक्ष कन्हैया निषाद,ग्राम पटेल सीया राम पटेल सहित समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### ग्राम भालुचुवा के जंगल में आबकारी अमले ने जप्त किया 26 लीटर अवैध महुआ शराब



**धमतरी।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में अवैध मदिरा के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी श्री प्रभाकर शर्मा ने बताया कि आज मगरलोड के ग्राम भालुचुवा के जंगल में आबकारी अमला द्वारा कार्यवाही करते हुए कुल 26.5 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया। साथ ही अज्ञात आरोपी के खिलाफ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्यवाही की गयी। इस दौरान आबकारी उप निरीक्षक श्री पुरुषोत्तम सिन्हा, श्री दयाराम गोटे, आबकारी मुख्य आरक्षक श्री राजेश यादव, आबकारी आरक्षक श्री मुरली सोनी, नगर सैनिक श्री राहुल साहू सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कचना धुरवा के पास गहरी खाई में गिरी कार, बाल-बाल बचे चिकित्सा अधिकारी

चंद्रहास निषाद,



**गरियाबंद।** सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ डॉ. सुनील रेड्डी कार दुर्घटना में बाल-बाल बचे। नेशनल हाइवे 130 ष्ट पर बारूका और कचना धुरवा के बीच में कार गहरे खाई में जा गिरी थी। मिली जानकारी के अनुसार हादसे के वक्त डॉक्टर रेड्डी अपनी कार खुद चला रहा थे, इस हादसे में उन्हें सामान्य खरोच भर आई है, हादसा किसी अन्य वाहन को साइड देते वक्त अचानक मोड़ में कार के अनियंत्रित होने से हुआ है।हादसे के बाद कुछ देर के लिए डॉ. रेड्डी घटना स्थल पर बेहोश हो गए थे, होश में आने के बाद उन्होंने खुद जिला अस्पताल में सहयोगी को संपर्क कर मदद के लिए बुलाया. प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया।

# पुरुषोत्तम राजपूत को स्वामी कुम्भज सेवा अलंकरण

भास्कर दूत



**बालोद।** मानस दर्शन जीवन अर्पण द्वारा प्रांत स्तरीय आयोजित पितर महोत्सव का आयोजन बस्तर की सुरम्य वनांचल के कोंडागाव जिला के केशकाल बोरगॉव डीहिपारा में चौथे मानस मंथन और अलंकरण समारोह के रूप में आयोजित हुई।इस समारोह के मुख्य अतिथि स्वामी सनातन धर्म के प्रखर प्रवक्ता सिया शरण जी महराज महामंडलेश्वर अयोध्या धाम और विशिष्ट अतिथि गोपाल वर्मा अध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ प्रांत,तथा अर्जुनपुरी गोस्वामी अध्यक्ष धमतरी जिला राज मानस संघ रहे ।मानस मंथन प्रतिस्पर्धा के रूप में छत्तीसगढ़ प्रांत की सिरसस्थ मानस मंडियों के प्रतिभागिता में आयोजित हुई।आयोजक की व्यवस्थात्मक जिम्मेदारी गुत्तेश्वर बघेल की अगुवाई में तुलसी मानस प्रतिष्ठान जिला कोंडागांव रही।अलंकरण की श्रृंखला में मानस दर्शन जीवन अर्पण द्वारा स्थापित ब्रम्हलीन वेदांत केशरी स्वामी आत्मा राम कुम्भज जी शिष्य सेवा अलंकरण प्रांत में पहली बार स्वामी जी के कृपा प्राप्त शिष्य प्रखर वेदांत और सनातन धर्म प्रवक्ता ,गौ सेवक,गौ रक्षक ,पुरुषोत्तम सिंह राजपूत मानसमणि प्रख्यात नाड़ी वैद्य को आध्यात्मिक क्षेत्र,समाज सेवा,सामाजिक समरसता, गोसेवा, नि:स्वार्थ पारंपरिक आयुर्वेद और पंचगव्य चिकित्सा, होम्यो के क्षेत्र मे उत्कृष्ठ सेवा हेतु मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी सिया शरण जी महराज के करकमलों से प्रदान किया गया।इस उपलब्धि के लिए तुलसी मानस प्रतिष्ठान के प्रांतीय महासचिव पुरुषोत्तम सिंह राजपूत को प्रतिष्ठान के प्रांतीय अध्यक्ष श्री गोपाल राम वर्मा, राज मानस संघ धमतरी के अध्यक्ष श्री अर्जुन पूरी गोशवामी सहित गुत्तेश्वर बघेल कोंडागांव,देवलाल सिन्हा बेमेतरा,रामदत्त साहू रक्से, पुष्कर सिंह राजपूत कवि साहित्यकार,लाडू सिंह मोकावत राजपूत समाज संरक्षक बालोद जयकरण सिंह परिहार वरिष्ठ पत्रकार बालोद, कामता सिन्हा भारदाकला, राजहंस भारद्वाज अंबागढ़ चौकी, नीलकंठ ठाकुर बोरिद पाटन, माखन साहू मगरलोड, मानस दर्शन जीवन अर्पण के संस्थापक दीपक गुहा, मोती राठौर, आत्माराम साहू उद्घोषक मगरलोड सहित राम चरित मानस से जुड़े सभी विभूतियों ने बधाईयां दी।

# बिरकोना निवासी कोमल साहू के मौत पर परिजनों को मिला इंसाफ

## पत्नी की चरित्र को लेकर डिप्रेशन में आकर की आत्महत्या

***पहले जहां परिवार के सदस्य गवाही देने तैयार नहीं थे तथ्यों को छुपाया वही आखिरकार एसआईटी के सामने आकर फलित साहू और परिवार के 2 सदस्यों नें दी गवाही,,, उक्त गवाह के आधार पर पुलिस ने आरोपियों को भेजा जेल***

भास्कर दूत



**कवर्धा।** ज्ञात हो कि दिनांक सात मई 2024 की सुबह जब लोगो ने ग्राम धरमपुरा दुभा रोड पर स्थित चरोटा खार के एक बबूल पेड़ पर फाशी के फंदे पर लटकती हुई एक अज्ञात व्यक्ति की लाश देखी तो गांव में अफारा तफरी मच गया वही मृत व्यक्ति की पहचान ग्राम बिरकोना निवासी कोमल साहू पिता स्व. प्रेमलाल साहू के रूप मे हुई थी पहचान के बाद मृतक के बड़े पिता हीरा साहू के पुत्र मनोज साहू जो रिस्ते में मृतक का बड़ा भाई है उनके द्वारा पिपरिया पुलिस को सूचना दी गई थी जिस पर पिपरिया पुलिस के द्वारा मार्ग क्रमांक 19/24 धारा 174 जा फौ के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया था मामले को प्रथम दृष्ट्या आत्महत्त्या मानकर पुलिस ने कार्यवाही की थी परंतु कोमल साहू का मौत एक रहस्य बनकर रह गया था , परिजन पुलिस की कार्यवाही से संतुष्ट नहीं हो रहे थे और लगातार मामले को लेकर पुलिस विभाग में दस्तक देते जा रहे थे बाद में मामला परिजनों से निकलकर पूरे सामाजिक स्तर पर पहुँच चुका था और साहू समाज के लोगों ने ममले को लेकर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा से उच्च स्तरीय जांच की मांग की जिसपर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा ने एस आई टी टीम का गठन किया जिसकी कमान बेमेतरा जिले के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार साहू ने संभाली और एक बार फिर सुरु हुआ जांच का दौर बारीकी से जांच करने पर पुलिस को पता चला कि मृतक की पत्नी रेवती साहू का ग्राम के ही रहने वाले बालाराम जयसवाल का प्रेम प्रसंग चल रहा था जिसके कारण मृतक कोमल साहू बहुत ज्यादा डिप्रेसन में रहता था आए दिन इस बात को लेकर कोमल साहू का अपनी पत्नी से विवाद होता था घटना के पूर्व रात्रि को भी कोमल साहू का अपनी पत्नी से विवाद हुआ था और सुबह कोमल की लाश फंदे पर लटकी मिली थी यही कारण है कि परिजन लगातार आत्महत्या की बात पर विरोध कर रहे थे , मामले मे एक प्र. आरक्षक का तबादला भी हुआ जब एस आई टी टीम की टीम ने जांच की तो मामले में सत्यता पाई और कवर्धा पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल के निर्देश पर थाना प्रभारी पीपरिया कमलाकांत शुक्ला ने अपराध क्रमांक 318/2024 धारा 306(34) भा.द.वी के तहत मामला दर्ज कर आरोपी रेवती साहू जो मृतक की पत्नी थी और उनका कथित प्रेमी बालाराम जायसवाल को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजने में बड़ी सफलता हासिल की है उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में एस आई टी टीम के पूरे सदस्य , फोरेंशिक डिपार्टमेंट , साइबर सेल के साथ थाना पिपरिया के स.उ.नी. दिनेश झारिया , प्र.आरक्षक बलिराम महोबिया , जगतु कोशले , देवनारायण चंद्रवंशी , आरक्षक राजकुमार साहू , हेमंत शर्मा ,नारायण पटेल , योगेंद्र वर्मा ,हितेश टंडन , दिनेश चंद्रवंशी , मनोज टंडन , प्रमोद कौशिक महिला आरक्षक ऊषा राय , सीता चंद्रवंशी , काजल देशलहरे सहित समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# लोक माता अहिल्याबाई होल्कर स्मृति पौधा रोपण



भास्कर दूत

**अभनपुर।** छत्तीसगढ़ सर्व समाज नागरिक महासंघ के तत्वाधान में वीरांगना लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर त्रि जन्म शताब्दी अवसर पर। पौधारोपण एवं संरक्षण तथा गायत्री तपो भूमि मथुरा से प्रकाशित साहित्य का निशुल्क का वितरण किया गया इस अवसर पर लखनलाल धनगर नारायण प्रसाद पाली बलदाऊ प्रसाद गुप्ता बलदाऊ कौशिक श्याम मूरत कौशिक संतोष पाली राजेश पटेल मूलचंद कौशिक छवि पटेल अश्वनी पटेल रामसनेही पटेल ईश्वर कुमार भारती देवी सिंह ठाकुर संदीप मिश्रा एवं सदस्य गण उपस्थित रहे।

# विंध्यवासिनी माता के दर्शन के लिये मंदिर आये श्रद्धालुओं को यातायात नियमों की दी गई जानकारी

## धमतरी पुलिस यातायात द्वारा सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने, यातायात नियमों के प्रति अधिक से अधिक आमजनों को जागरूक करने के लिये चलाये जा रहे यातायात जागरूकता अभियान।

भास्कर दूत

**धमतरी** । जागरूकता अभियान के तहत उनि.खेमराज साहू के द्वारा नवरात्रि पर्व में विंध्यवासिनी माता के दर्शन करने आये श्रद्धालुओं को यातायात नियमों की जानकारी देकर बताये कि मालवाहक वाहन में सफर ना करें, सफर के दौरान वाहन में लटक कर या ट्राली के उपर बैठकर ना चले, क्षमता से अधिक ना बैठे, चालको को ओवर स्पीड से वाहन चलाने ना दें। मालवाहक वाहन में अत्यधिक आवश्यकता होने पर ही सफर करें, मालवाहक वाहन में सफर करने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है और दुर्घटना होने पर अधिक नुकसान होती है की जानकारी दिया गया। साथ ही बैनर पोस्टर के माध्यम से बताया गया कि बिना हेलमेट दो पहिया वाहन ना चलायें, दो पहिया वाहन में दो से अधिक सवारी ना बैठें, बिना सीट बेल्ट लगाये चार पहिया वाहन मे सफर ना करें, शराब या अन्य कोई नशीली चीज का सेवन कर वाहन ना





चलाये, वाहन को ओवर स्पीड चलाते हुये सामने के वाहन को ओवर टेक ना करें, शहर के अन्दर सफर करने के दौरान चौक-चौराहों में लगे सिग्नल साईट का पालन करे, मार्ग में हमेंशा बायें चले, संकेतो का पालन करने बताकर यातायात जागरूकता संबंधित पाम्पलेट वितरण कर अपने दोस्तों रिस्तेदारों पडोसियों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने बताया गया। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में यातायात उनि.के.आर. साहू,आरक्षक गणपत डिंडोलकर,महेंद्र पटेल, जीवन साहू उपस्थित रहें।

# जाज्वल्यदेव कन्या महाविद्यालय जांजगीर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं कार्यक्रम का किया गया आयोजन

भास्कर दूत



**जांजगीर-चांपा** /कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशन जिले में ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं'' योजना अंतर्गत अंतर्राष्टीय बालिका दिवस के अवसर पर 02 अक्टूबर 2024 से 11 अक्टूबर 2024 तक (10 दिवसीय) कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। बालिकाओं को अधिक अवसर प्रदान के महत्व पर प्रकाश डालना और बालिकाओं द्वारा शिक्षा, पोषण, कानूनी अधिकार, चिकित्सा देखभाल, भेदभाव, हिंसा और बाल विवाह से सुरक्षा में आनेवाले असमानताओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु प्रतिदिन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि सोमवार को मॉ दुर्गा के पंचम रूप मॉं स्कंदमाता (संरक्षण एवं पालन की देवी) जिनका संदेश शक्ति का संचय और सृजन दोनो की क्षमता के तहत् बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं कार्यक्रम का आयोजन जाज्वल्यदेव कन्या महाविद्यालय जांजगीर में किया गया। जिसमें श्री विकास सिंह परियोजना अधिकारी एकी.बा.वि.परि. जांजगीर द्वारा विकास के आयाम शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक भावनात्मक, संज्ञानात्मक, भाषात्मक ये आयाम मानव जीवन के संपूर्ण जीवनकाल में परिवर्तित होते रहते है के बारे में बताया गया। पोषण से तात्पर्य शरीर को वृद्धि व विकास के लिये पोषक तत्व प्रदान करने की प्रक्रिया है एवं संरक्षण के बारे में शिप्रा साव पर्यवेक्षक विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। सुश्री एच.निशा खान केन्द्र प्रशासक सखी वन स्टाप सेंटर के कार्य, हिंसा के प्रकार व महिला उत्पीड़न आदि का विस्तापूर्वक जानकारी दी गयी।

श्रीमती अनुपमा सिंह कंवर संरक्षण अधिकारी घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई । महाविद्याालय की छात्राओं से पोषण स्वास्थ्य एवं सामान्य ज्ञान संबंधी प्रश्नोत्तरी तथा पुरूस्कृत किया गया तथा छात्राओं द्वारा महिलाओं पर हो रहे हिंसात्मक एसिड अटैक की नुक्कड़ नाटक व देवी के नव रुपों की बेटी बचाव बेटी पढ़ाओं के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से प्रस्तुती दिया गया। कार्यक्रम में श्री पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह पूर्व ज.प. उपाध्यक्ष श्रीमती अनुराधा शुक्ला भाजपा महिला मोर्चा बेटी बचाव बेटी पढ़ाओं श्री विकास सिंह परियोजना अधिकारी जांजगीर, श्री जी.आर. पाटले प्राचार्य जाज्वल्यदेव कन्या महाविद्यालय जांजगीर, डॉ. सरोज शर्मा, डॉ. हरप्रीत कौर, रचना दीवान व्याख्यता, समस्त पर्यवेक्षक जांजगीर, श्रीमती अनुपमा कंवर नवा बिहान, सुश्री एच.निशा खान केन्द्र प्रशासक सखी वन स्टाप सेंटर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, समस्त महाविद्यालीन छात्राएं एवं स्टाफ उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं

भास्कर दूत



**जांजगीर-चांपा** / कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में सभी जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के विभिन्न दूरस्थ स्थानों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। आज जनदर्शन में कुल 115 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

आज जनदर्शन में तहसील जांजगीर के ग्राम सरखों निवासी श्री रामजी सूर्यवंशी व ग्राम बसंतपुर निवासी श्री सत्यनारायण साहू द्वारा पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने, जांजगीर निवासी श्रीमती सीमा सामुवाल द्वारा राजस्व रिकार्ड दुरूस्तिकरण कराने, तहसील मुख्यालय बलौदा के वार्ड क्रमांक 11 रामनगर निवासी श्री संतोष कुमार साहू द्वारा रोजगार दिलाने, तहसील सारागांव के ग्राम मुक्ताराजा निवासी श्री गनेश राम निवासी द्वारा मछलीपालन प्रशिक्षण हेतु, तहसील जांजगीर के ग्राम नैला निवासी नसरीन परवीन द्वारा जन्म प्रमाण पत्र बनवाने, तहसील पामगढ़ के ग्राम डोंगाकोहरौद निवासी रमशीला साहू द्वारा मकान क्षतिपूर्ति राशि दिलाने, नगर पंचायत नवागढ़ निवासी श्री राम प्रताप द्वारा भूमि स्वामी अधिकारी पट्टा दिलाने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। जिस पर कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार जनदर्शन में अन्य विभिन्न आवेदकों द्वारा वन अधिकार पट्टा दिलाने, रोजगार प्रदाय, नामांतरण, भूमि सीमांकन, आर्थिक सहायता, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड बनाने सहित कुल 115 आवेदन प्राप्त हुए।

# पोस्ट आफिस के गेट पर दिनभर लटका रहा ताला

## पोस्ट आफिस में रजिस्ट्री सहित कामकाज ठप्प होने से परेशानी, संभागीय कार्यालय की शिफ्टिंग: आज भी नहीं होंगे कामकाज

भास्कर दूत

**राजनांदगांव।** पूरे जिले में मंगलवार को डाक विभाग में रजिस्ट्री सहित तमाम जरूरी कामकाज ठप्प रहने से लोगों को परेशान होते देखा गया। पता चला है कि कल यानि बुधवार नौ अक्टूबर को भी यही स्थिति बनी रहेगी। दरअसल यह पूरी कवायद राजनांदगांव को डाक संभाग घोषित होने के बाद आफिस शिफ्टिंग और सेट अप बिठाने के नाम पर की जा रही है। किंतु इस बारे में पहले से कोई सूचना प्रसारित नहीं होने के कारण लोगों को पोस्ट आफिस पहुंचने पर जानकारी हुई और उन्हें बैरंग लौटना पड़ा।

जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल में राजनांदगांव नया डाक संभाग गठित कर दिया गया है। हालांकि इस कार्यालय को एक अक्टूबर से शुरू किया जाना था, किंतु तकनीकी कारणों से विलंब हुआ। राजनांदगांव को नया डाक संभाग बनाने के कारण यहां पर पूरा नया स्टे अप बिठाया जा रहा है। इसके लिए तमाम जरूरी इंतजामात किए जा रहे हैं, ताकि पूरा कामकाज व्यवस्थित और सुचारू रूप से हो सके। अब इस कार्यालय में एक संभागीय अधीक्षक पदस्थ किया जाएगा।

दुर्ग संभाग को विभाजित कर राजनांदगांव को नया संभाग बनाने की कवायद दो-तीन वर्षों से चल रही थी। इसे लेकर सांसद संतोष पांडेय के प्रयास से राजनांदगांव डाक विभाग के उपसंभाग को पूर्ण संभाग का दर्जा प्राप्त हो गया है। मंत्रालयीन आदेश के माध्यम से विभाग ने पत्र जारी कर इस बाबत जानकारी प्रसारित भी कर दी है। सांसद श्री पांडेय ने बताया कि 17 वीं लोकसभा के दौरान इस विषय को लोकसभा में मंत्री जी के समक्ष रखा था, जिसमे संभागीय कार्यालय भिलाई में होने के कारण राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र की जनता एवं कर्मचारी डाक विभाग से संबंधित कार्य हेतु भिलाई (दुर्ग) पर निर्भर रहने संबंधी अपनी बात रखी थी, जिस पर मंत्री जी ने आश्वासन दिया था एवं विभागीय अधिकारियों को उक्त संबंधी प्रक्रिया पूरी करने हेतु आदेशित किया था।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल में दुर्ग संभाग को विभाजित कर राजनांदगांव नया डाक संभाग गठित करने के साथ ही छत्तीसगढ़ परिमंडल में अब सात संभाग हो जाएंगे। इस समय सरगुजा, रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग हैं। कुछ वर्ष पूर्व ही रायगढ़ की विभाजित कर सरगुजा संभाग का गठन किया गया था और अब बस्तर को दो हिस्सों में बांटकर कांकेर में भी संभागीय कार्यालय खोलने की चर्चा है।



### नांदगांव कार्यालय में बैठेंगे प्रवर अधीक्षक

अब राजनांदगांव डाक संभाग में राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-चौकी जिले शामिल होंगे। विकासखंड डोंगरगढ़ व डोंगरगांव उपसंभाग के रूप में कार्यरत है। इन सभी उपसंभाग की दूरी राजनांदगांव जिला मुख्यालय से समीप है, किन्तु वर्तमान संभागीय कार्यालय की औसत दूरी सभी जिलों से 120 किमीं है, इसलिए अब उपसंभागों को जोड़कर राजनांदगांव को संपूर्ण संभाग का दर्जा दिया गया है। यहां अब जिस तरीके से भिलाई के सिविक सेंटर में प्रवर अधीक्षक यानि एसएसपी कार्यालय संचालित है, ठीक उसी तरह से राजनांदगांव में प्रवर अधीक्षक का कार्यालय खुलने जा रहा है। इससे अब राजनांदगांव सहित अविभाजित जिले मोहला, खैरागढ़ और कवर्धा के लोगों को भिलाई कार्यालय पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। हालांकि अभी यहां प्रवर अधीक्षक की नियुक्ति नहीं होने की जानकारी मिली है।

# सरपंच के खिलाफ गबन की शिकायत

## आज ग्राम कोपेडीह पहुंचेगी जांच टीम

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** डोंगरगांव जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कोपेडीह में सरपंच के खिलाफ गंभीर शिकायत मिलने के बाद जनपद की जांच टीम नौ अक्टूबर को दोपहर में गांव पहुंचेगी। इस संबंध में जांच अधिकारी ने सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक को अवगत कराते हुए जांच के दौरान हाजिर रहने के निर्देश दिये हैं।

ज्ञातव्य है कि उक्त ग्राम पंचायत में सरपंच के खिलाफ की गई उच्च स्तरीय शिकायत के संबंध में भास्कर दूत ने प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था। डोंगरगांव जनपद पंचायत के जांचकर्ता अधिकारी गोपाल हिरवानी ने ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव और रोजगार सहायक को सात अक्टूबर को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है कि उनकी ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम आलीखूंटा के आवेदक डोमेश्वर वर्मा, संगीता साहू व अन्य ग्रामवासियों के द्वारा सरपंच के खिलाफ गंभीर शिकायत की गई थी। कहा गया है कि सरपंच बीनाधर वर्मा द्वारा अपने घर के सदस्य सहित अपने नजदीकी लोगों का विभिन्न जॉब कार्ड में कुल 334 फर्जी हाजिरी भरकर 73,450 रुपए का गबन किए जाने की शिकायत मिली है। इसके संबंध में प्राप्त आवेदन पर जनपद पंचायत की जांच टीम बुधवार नौ अक्टूबर को दोपहर 12 बजे ग्राम पंचायत कोपेडीह पहुंचेगी। इस संबंध में शिकायत से संबंधित समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने कहा गया है।

# फर्टिलाइजर उर्वरक की बिक्री पर रोक

**डोंगरगढ़ (भास्कर दूत)।** कृषि विभाग की टीम द्वारा जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी को रोकने सहकारी एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं के विक्रय परिसर का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा कोरोमंडल प्रायवेट लिमिटेड काकीनाड़ा आंध्रप्रदेश कंपनी द्वारा निर्मित कॉम्प्लेक्स फर्टिलाइजर उर्वरक नमूने को उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला लाभाण्डी रायपुर से रिपोर्ट प्राप्त होने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश के तहत उर्वरक के भण्डारण एवं वितरण तथा प्रदर्शन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। जानकारी के अनुसार रामगोपाल हरिप्रसाद अग्रवाल डोंगरगढ़ निजी उर्वरक विक्रेता से कोरोमंडल प्रायवेट लिमिटेड काकीनाड़ा आंध्रप्रदेश कंपनी द्वारा निर्मित कॉम्प्लेक्स फर्टिलाइजर उर्वरक नमूने को उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला लाभाण्डी रायपुर भेजा गया था। कृषि विभाग द्वारा प्रयोगशाल से रिपोर्ट प्राप्त होने पर उक्त उर्वरक को अमानक घोषित किया गया। रिपोर्ट के अनुसार उर्वरक में 1.5 प्रतिशत नमी होनी चाहिए, जबकि जांच में 0.80 प्रतिशत नमी पाई गई।

# भाजपाई जनपद सदस्य कर रहा खुलेआम मुरुम चोरी

## डोंगरगांव क्षेत्र के जारवाही में चैन मशीन लगाकर दिनरात उत्खनन

भास्कर दूत

**राजनांदगांव।** डोंगरगांव के एक भाजपाई जनपद सदस्य द्वारा ग्राम पंचायत जारवाही स्थित सरकारी जमीन पर चैन मशीन लगाकर दिनरात मुरूम चोरी का मामला सामने आया है। यहां से रोजाना हाईवा में भरकर मुरूम की सप्लाई की जा रही है, किंतु यह सब राजस्व विभाग और खनिज विभाग को नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में साठगांठ की आशंका जताई जा रही है।

सूत्रों के अनुसार ग्राम पंचायत जारवाही में मुरूम चोरी का काम जनपद सदस्य मनीष साहू द्वारा पहले रूक-रूककर किया जा रहा था, ताकि किसी को पता न चलने पाए। उस बीच ग्राम के लोगों द्वारा बैठक लेकर मुरूम के अवैध उत्खनन के लिए मना कर दिया गया था। उसके कुछ समय बाद उसी व्यक्ति द्वारा पुनः जेसीबी के माध्यम से मुरूम उत्खनन और सप्लाई का काम शुरू कर दिया गया, तब ग्राम सरपंच द्वारा उसे रोका भी गया, किंतु जनपद सदस्य ने सत्ता सरकार होने का धौंस दिखाकर सरपंच को भी डरा-धमकाकर चुप करा दिया। उसके बाद पिछले चार-पांच दिनों से ग्राम जारवाही में मारगांव जाने वाले मार्ग पर सरकारी मैदानी जमीन पर जेसीबी लगाकर मुरूम का अवैध उत्खनन और हाईवा से परिवहन किया जा रहा है। दरअसल यह वही जगह है, जहां पर अच्छी क्वालिटी की मुरूम उपलब्ध है, जिस पर क्षेत्र के खनिज माफियाओं की नजर हमेशा रहती आई है।



सूत्रों के अनुसार जारवाही से अवैध रूप से निकाली जा रही मुरूम की सप्लाई राजनांदगांव के रेवाडीह और पेंड्री क्षेत्र में की जा रही है। ऐसे में मुरूम के अवैध परिवहन में लगे हाइवा व अन्य वाहनों को राजस्व और खनिज विभाग चाहे तो जब कभी पकड?र कार्यवाही कर सकता है, लेकिन दोनों विभाग के अफसर आंख मूंदे बैठे है, जिससे मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है। बताया जाता है कि ग्राम रामपुर निवासी जनपद सदस्य मनीष साहू द्वारा इसके पहले भी जारवाही सहित आसपास के गांव जैसे गिरगांव, मारगांव, गनेरी, मनेरी सहित कई जगहों से मुरूम का अवैध उत्खनन किया जाता रहा है और जनपद सदस्य होने का दंभ भरकर अधिकारियों को लाल आंख दिखाते आ रहा है। बताया जाता है कि अध्यक्ष से करीबी संबंध होने का भी उसके द्वारा फायदा उठाया जा रहा है। बहरहाल डोंगरगांव एसडीएम और जिला खनिज विभाग को चाहिए कि सरकारी जमीन पर मुरूम का अवैध उत्खनन कर रायल्टी चोरी करने वाले ऐसे लोगों पर नकेल कसे और अवैध परिवहन में लगे वाहनों की जप्ती कर राजसात करने की कार्यवाही करे, ताकि फिर कोई दोबारा इस तरह के अवैध कार्यों को अंजाम देने की हिमाकत न करने पाए।

# झाड़ी खैरी सरपंच के फर्जी कारनामों की लंबी है फेहरिस्त

## कार्यवाही नहीं होने पर ग्रामीणों ने दी है सामूहिक आत्मदाह की चेतावनी

राजनांदगांव (भास्कर दूत)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को संयुक्त हस्ताक्षरित पत्र में शिकायत होने के बावजूद यदि झाड़ी खैरी सरपंच के खिलाफ कार्यवाही नहीं होती है तो उस गांव के शिकायतकर्ता ग्रामीणों द्वारा क्या सचमुच सामूहिक आत्महत्या का कदम उठाया जा सकता है? यह बहुत बड़ा सवाल है। वैसे गांव वालों ने संयुक्त रूप से लिखे पत्र में मुख्यमंत्री से जो शिकायत की है, वह बहुत ही गंभीर है, जिसमें उन्होंने न्याय की गुहार करते हुए सामूहिक आत्महत्या की चेतावनी दी है और सरपंच के विरुद्ध कार्यवाही नहीं होने की स्थिति में इस अनुचित कार्य के लिए मुख्यमंत्री से अनुमति भी मांगी है।

ग्रामीणों ने पत्र में बताया है कि बीते 27 सितंबर को उन्होंने कार्यवाही की मांग को लेकर एसडीएम डोंगरगांव से मुलाकात की थी, तब एसडीएम सरपंच के बचाव में कार्यवाही के लिए टालमटोल करते नजर आए थे। गांव वालों ने झाड़ी खैरी सरपंच के खिलाफ 19 बिंदुओं में एसडीएम से की गई शिकायत की प्रतिलिपि पत्र के साथ संलग्न की है। शिकायत के अनुसार उक्त सरपंच द्वारा कई फर्जी कारनामे किए गए हैं। जैसे कि आदिम जाति समिति की नवीन धान खरीदी केंद्र में फर्जी मस्टर रोल लगाया गया। इसमें सरपंच द्वारा अपने परिवार के सदस्यों का मजदूरी बिल निकाला गया, जिसमें जनसहयोग से कार्य किया गया था।

सरपंच ने अपने परिवार के सदस्यों का फर्जी मास्टर रोल भरा है। चंद्रवंशी बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर्स पेंड्री द्वारा 2019-20 में 3 लाख रुपए की मुरूम ढुलाई का फर्जी बिल लगाया गया है। उसका भी भौतिक सत्यापन करने की मांग की गई है। वर्ष 2021-22 में चंद्रवंशी बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर्स का ही 2 लाख रुपए की मुरुम का जुलाई में लगाया गया बिल भी फर्जी है। हरिओम ट्रेडर्स द्वारा लगभग दो लाख का बिल कचरा ढुलाई का लगाया गया है, जिसमें कोई काम नहीं हुआ है। इस तरह 11 बिल पूरी तरीके से फर्जी हैं। पूरी पंचायत में कचरा परिवहन का काम नहीं हुआ है। शिव बोरवेल्स दुर्ग द्वारा बोर खनन का बिल लगाया गया है, जिसमें वर्तमान में पूर्व में मार्केट रेट 95 रुपए था, जिसमें 110 रुपए का खनन, 250 केसिंग की जगह में 350 लगाया गया है, वह भी पूरी तरह फर्जी है।

### मास्क खरीदी में भी घोटाला?

ग्रामीणों का आरोप है कि 5 अगस्त 2020 को मधु फोटोकॉपी छुरिया से प्रिंटर व टोनर की खरीदी की गई है, जिसमें सामानों का भाव बाजार रेट से दोगुना है। वह कार्य भी फर्जी तरीके से किया गया है। कोरोना काल में बाजार मूल्य से ढाई गुना रेट में मास्क की खरीदी की गई। संदेह है कि इतना मास्क खरीदा ही नहीं गया। गोपाल मिल एंड हार्डवेयर से फेंसिंग के लिए कांटा तार लेकर लगाना बताया गया है, वह काम हुआ ही नहीं है। भूपेंद्र सिंह ट्रेडर्स एचआर दरी का 27100 का बिल लगा है, वह भी पूरी तरह फर्जी है। इसमें मखमल की 20 दरी खरीदी जा सकती थी। 14 जनवरी 2020 को अशोक के नाम के बिल में कुर्सी अलमारी का बिल लगा है। घड़ी दुकान से फर्नीचर का बिल लगाया गया है, जो भी फर्जी है। जय अंबे बर्तन दुकान से 13 अगस्त 2020 को बर्तन खरीदी हुई है, उसका भी भौतिक सत्यापन की करने की मांग ग्रामीणों ने की है। साई फोटोकॉपी मोरकुटुंब से 31 जुलाई 2020 को 5150 फोटो कॉपी की गई, जबकि इतने में एक फोटोकॉपी की मशीन आ जाता।

### लाखों के फर्जी बिल की जांच की मांग

इसी प्रकार 13 अक्टूबर 2020 को 15000 की फोटो कॉपी हुई है, जो पूरी तरह फर्जी है। कोरोना कल में फर्जी तरीके से सैनिटाइजर का बिल लगाया गया है। पूजा टावरी बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर एंड ट्रांसपोर्ट का बोरिंग पाइप खरीदी का बिल लगाया गया है, वह भी गलत है। मधु फोटोकॉपी छुरिया द्वारा ग्राम पंचायत झाड़ी खैरी में 2019-20 में लगभग 3 लाख का बिल लगाया गया है, उसका भी सत्यापन करने की मांग ग्रामीणों ने की है। वर्ष 2021-22 में मई मधु फोटोकॉपी का फिर डेढ़ लाख का फर्जी बिल आ गया है, जिसका भी भौतिक सत्यापन कराना जरूरी है। गोपाल पंप इन बोरवेल से बिना सामान खरीदी बिल लगाया गया है। 2021 में अशोक वार्ड नंबर 25 फोटो कॉपी, स्टेशनरी के नाम से लाखों का फर्जी बिल निकल गया है। दोनों का भौतिक सत्यापन करने की मांग ग्रामीणों द्वारा की गई है। 8 दिसंबर 2021 को विनेश बोरवेल पंप चिचोला द्वारा बाजार रेट से 10 गुना का बिल निकल गया है, जो फर्जी है। इसका भी भौतिक सत्यापन कराए जाने की मांग शामिल है।

# राज्यपाल ने की मां बम्लेश्वरी की पूजा-अर्चना

## प्रदेशवासियों की उन्नति व सुख-समृद्धि की प्रार्थना की

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** राज्यपाल रमेन डेका ने आज डोंगरगढ़ पहुंचकर माँ बम्लेश्वरी की पूजा-अर्चना की। उन्होंने माँ बम्लेश्वरी से प्रदेशवासियों की खुशहाली, उन्नति व सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर राज्यपाल के सुपुत्र श्री स्वप्ननीलव डेका एवं परिजन भी उपस्थित थे। उन्होंने भी राज्यपाल के साथ माँ बम्लेश्वरी की आराधना की। राज्यपाल ने ज्योति कलश के दर्शन किए एवं हवन कुण्ड की पूजा की। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका को कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने पर्यटन विभाग द्वारा प्रकाशित काफी-टेबल बुक भेंट की। इस अवसर पर आईजी दीपक झा, पुलिस अधीक्षक पीटीएस प्रशिक्षण गजेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुलदेव शर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ मनोज मरकाम, माँ बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, सहसचिव बबलू शांडिल्य, कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश मिश्रा, ट्रस्ट के अन्य सदस्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# मार्निंग वाक पर निकले बालक को हाईवा ने रौंदा

**डोंगरगांव (भास्कर दूत)।** ग्राम कुमर्दा में सड़क पर दौड़ रहे एक 14 वर्षीय किशोर को अज्ञात हाईवा ने रौंद दिया। जख्मी हालत में उसे डायल-112 की मदद से डोंगरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक कुमर्दा के समीपस्थ सागर गांव का रहने वाला था।

जानकारी के मुताबिक सोमवार तड़के दावेन्द्र कुमार रोज की तरह कुमर्दा-अं. चौकी मुख्य मार्ग में दौड़ लगा रहा था। वह अलसुबह 3.45 से 4 बजे के बीच रोज की तरह घर से दौड़ने के लिए निकला था। उसी दौरान एक अज्ञात हाईवा ने बालक को रौंद दिया। हादसे के बाद हाईवा चालक फरार हो गया। इधर सुबह 4.35 बजे के आसपास गांव के एक युवक ने बालक के सड़क हादसे में जख्मी होने की जानकारी परिजनों को दी। हादसे की खबर सुनकर पिता जब मौके पर पहुंचे तो किशोर गंभीर हालत पड़ा हुआ था। उसे किसी तरह अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि 14 साल का बालक स्वास्थ्य को लेकर काफी गंभीर था, इसीलिए रोजाना वह इसी वक्त में घर से दौड़ने निकलता था।

# आई.बी.ग्रुप और कमला कालेज में एमओयू

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** आई.बी.ग्रुप के आर. के. नगर स्थित एबीस कंपनी के सिटी कार्यालय में शास. कमला देवी महिला कॉलेज के प्राचार्य आलोक मिश्रा, बी. के. सोनबर सायकोलॉजी विभाग के एच.ओ.डी. कु. नीलम राम, केमेस्ट्री विभाग के एच.ओ.डी. के साथ एबीस कंपनी के डायरेक्टर अंजुम अल्वी के मध्य दो वर्ष के लिये एमओयू हुआ। इस अवसर पर डॉ. रूबीना अल्वी, पूर्व प्रोफेसर रसायन शास्त्र, शास. कमला देवी महाविद्यालय भी उपस्थित रही। इस एमओयू से महाविद्यालय की छात्राएं एबीस कंपनी की विभिन्न परियोजनाओं, संयुक्त रूप से विभिन्न सेमीनार एवं कांफ्रेंस का आयोजन, आधुनिक लैब, संयंत्र, पोल्ट्री, डेयरी आदि का समय-समय पर अवलोकन एवं अध्ययन कर सकेंगी। साथ ही भविष्य में निकलने वाले रोजगार अवसर का भी लाभ उठा पाएंगी।



## म्युनिसिपल स्कूल मैदान में पार्श्व गायिका शनमुखा प्रिया देंगी प्रस्तुति

# मुंबई की आतिशबाजी के साथ मनेगा विजयादशमी

भास्कर दूत

**राजनांदगांव।** दशहरा पर्व पर इस बार म्युनिसिपल स्कूल मैदान में इंडियन आईडल की प्रतिभागी रही पार्श्व गायिका शनमुखा प्रिया अपनी टीम के साथ अपने आवाज की जादू बिखेरेंगी। वहीं मुम्बई के आतिशबाजों की टीम नयनाभिराम रोमांचक आकाशीय आतिशबाजी कर लोगों को रोमांचित करेंगे। विजयादशमी महोत्सव ने इस बार म्युनिसिपल स्कूल मैदान में 61 फीट का आकर्षक रावण का पुतला तैयार करने की तैयारी शुरू कर दी है।

दशहरा पर्व को लेकर छत्तीसगढ़ जनमहोत्सव समिति ने अपनी तैयारी को लेकर आवश्यक बैठक ली। बैठक में 12 अक्टूबर को संस्था द्वारा लगातार 17वें वर्ष में भी विजयादशमी महोत्सव को म्युनिसिपल स्कूल मैदान में भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया है। बैठक में समिति के सदस्यों ने अपने अनुभवों के आधार पर विजयादशमी महोत्सव को और बेहतर बनाने अपने सुझाव दिए। विजयादशमी महोत्सव समिति के अध्यक्ष सौरभ कोठारी ने बताया कि इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रम देने के लिए मुंबई से इंडियन आईडल की प्रतिभागी रही पार्श्व गायिका शनमुखा प्रिया अपनी टीम के साथ आ रही हैं, जो अपने मधुर गीतों से संस्कारधानी के संगीत प्रेमियों को मुग्ध करेंगी। सहायक गीतकार के रूप में अमय दाते, शनमुखा प्रिया का साथ निभायेंगे। वहीं प्रसिद्ध कलाकार सिद्धार्थ हाण्डा कार्यक्रम में मंच संचालन करेंगे।



अध्यक्ष श्री कोठारी ने बताया कि संस्कारधानी वासियों के लिए विशेश रूप से आतिशबाजी का बेहतरीन नजारा प्रस्तुत करने समिति तैयारी कर रही है। इस वर्ष मुम्बई के आतिशबाजों की टीम इस वर्ष बेहतरीन नयनाभिराम व रोमांचक आकाशीय आतिशबाजी करेंगे। विजयादशमी महोत्सव का विशेष आकर्षण लगभग 61 फीट का आकर्षक रावण तैयार किया जा रहा है। समिति के सदस्य लगातार विजयादशमी को और बेहतर बनाने में लगे हैं। समिति के मीडिया प्रभारी विनय बिंदल, अजय सोनी, राकेश पारख और मुकेश शर्मा ने बताया कि इस वर्ष दर्शकों की सुविधा के लिए आमंत्रण पत्र व निःशुल्क पास वितरित किए जाएंगे। कुर्सियों की संख्या में बढ़ोत्तरी और ट्रैफिक व्यवस्था को ध्यान में रखते पास में गेट नंबर अंकित किए जाएंगे। फैमिली पास में परिवार के साथ ही प्रवेश दिया जाएगा। सुरक्षा को ध्यान में रखते कार्यक्रम स्थल एवं प्रवेश द्वारों में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे।

ALL IN ONE COMPUTER INSTITUTE
& SPOKEN ENGLISH CLASSES

नवरात्रि के शुभ अवसर पर 9 दिनों मे से किसी भी एक दिन प्रवेश लेने पर 1000₹ की विशेष छूट।

सभी सरकारी नौकरियों में मान्य छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर डिप्लोमा कोर्सेस

1000/- विशेष छूट — BCA, DCA, PGDCA — 1000/- विशेष छूट

KARAN SAHU — FEES STRUCTUTRE-2024-25 — -7000071773

| S.NO. | COURSE | FEES | DURATION |
|---|---|---|---|
| 1 | BCA | 15500 | 3 YEAR |
| 2 | DCA | 12000 | 1 YEAR |
| 3 | PGDCA | 14000 | 1 YEAR |
| 4 | TALLY | 3000 | 2 MONTH |
| 5 | MS-OFFICE | 5000 | 3 MONTH |
| 6 | MS-OFFICE+ TALLY | 7500 | 6 MONTH |

नवरात्रि के शुभ अवसर पर 9 दिनों मे से किसी भी एक दिन प्रवेश लेने पर 1000₹ की विशेष छूट

सभी सरकारी नौकरियों में मान्य छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर डिप्लोमा कोर्सेस

For More Detail. : 70000-71773

पता - दिग्विजय कॉलेज के सामने, गोपी बर्तन के पास, ट्रांसफार्मर के सामने, राजनांदगांव (छ.ग.)

दैनिक
# भास्कर दूत
हर ख़बर पर नज़र
दिल में छत्तीसगढ़
रायपुर, बुधवार 9 अक्टूबर 2024



# कालीमाता मंदिर में जली 4100 आस्था की ज्योत




भास्कर दूत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के आकाशवाणी चौक के मुख्य मार्ग पर काली माता का जो भव्य मंदिर है, उस जगह पर कभी नागा साधु भी धुनी रमा चुके हैं। माता के मंदिर से ऐसी मान्यता जुड़ी हुई है कि जिस जगह पर नागा साधुओं ने पत्थर के निशान रखे थे, उसी जगह पर मां काली का गर्भ गृह बनाया गया है। जिसकी मान्यताएं कोलकाता के काली माता से जुड़ी हुई है। इस बार शारदीय नवरात्रि पर्व में 4100 मनोकामना ज्योति कलश स्थापित है। हर दिन माता के अलग-अलग स्वरूप का अभिषेक पूजन किया जाता है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। पूजा आरती करने हर दिन भक्तों की भीड़ लगती है।




### भक्ति में लीन जस गीतों की धूम

**शारदीय नवरात्रि पर्व की तिथियों में जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है माता की भक्ति में श्रद्धालु लीन हो रही है। देवी मंदिरों में जसगीत और जगराता का माहौल है। सुबह से देर रात तक देवी मंदिरों में भक्तों की कतार लग रही है।**



भक्तों की लगी कतार....



# युवक ने कई लड़कियों की लूटी आबरू, तंत्र-मंत्र का झांसा देकर बनाया शिकार

भास्कर दूत



**कवर्धा.** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में तंत्र-मंत्र का झांसा देकर एक युवक ने आधा दर्जन से ज्यादा युवतियों से शारीरिक संबंध बनाया है. पीड़िता की शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज किया है और आरोपी की तलाश में जुट गई है. बताया जा रहा कि आरोपी खुद को हिंदू बताकर हिंदू लड़कियों को अपना शिकार बनाता था. उसने राजू सिंग के नाम से फर्जी आधार कार्ड भी बनाया है, जबकि आरोपी का नाम साहिल खान है.

कोतवाली थाने में आरोपी के खिलाफ लव जिहाद, बलात्कार समेत कई मामले दर्ज हैं. उसने जादू टोना सिखाने के नाम पर युवकों के साथ भी लाखों रुपए की ठगी की है. पुलिस की टीम आरोपी को पकड़ने मध्यप्रदेश रवाना हो गई है.

जानकारी के मुताबिक, पीड़िता के पति 307 के मामले में बिलासपुर जेल में ढाई वर्षों से जेल में बंद है. अपने पति को छुड़वाने के लिए वह बहुत प्रयास कर रही है. इसी दौरान साहिल खान से उनकी मुलाकात हो गई. पीड़िता और आरोपी साहिल खान के बीच 6 माह पहले अमलीडीह गांव के चाय टापरी में मुलाकात हुई थी. साहिल खान अपने आपको हिंदू बताया था लेकिन वह मुसलमान है.

# मंत्री टंक राम वर्मा ने 44 लाख रुपए के विभिन्न निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

भास्कर दूत






**तिल्दा नेवरा।** आज दोपहर नगर पालिका परिषद कार्यालय तिल्दा नेवरा में शहर के विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री टंक राम वर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने 44 लाख रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एक साथ किया।

### बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दें:

अन्य अतिथि के रूप में पालिका अध्यक्ष लेमिक्षा गुरु डहरिया, भाजपा के जिला पदाधिकारी राम पंजवानी, अनिल अग्रवाल, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष सुरेश वर्मा, सहित भाजपा के सभापति और पार्षद गण भी मौजूद थे। अपने उद्बोधन में मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि क्षेत्र में अपराधों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, ऐसे में बच्चों को केवल शिक्षा ही नहीं बल्कि संस्कार भी देने की जरूरत है। उन्होंने माता-पिता से अपील की कि वे अपने बच्चों की देखभाल और निगरानी करें और उन्हें संस्कारों से समृद्ध बनाएं।

### पालिका कार्यालय के लिए 25 लाख रुपए की घोषणा:

मंत्री ने नगर पालिका में 44 लाख रुपए की लागत से हो रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की सराहना की और पालिका अध्यक्ष की मांग पर नगर पालिका कार्यालय के लिए 25 लाख रुपए की घोषणा की। उन्होंने यह भी बताया कि शहर में एक नया भवन 50 लाख रुपए की लागत से बनाया जाएगा, जिसके लिए उन्होंने भूमि आवंटन का आदेश दिया।

### बाईपास निर्माण की मांग:

नेता प्रतिपक्ष लक्ष्मी नारायण वर्मा ने शहर के लिए बाईपास निर्माण की मांग उठाई, जिस पर मंत्री टंक राम वर्मा ने आश्वासन दिया कि भविष्य में इस दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और नगरवासी उपस्थित थे। मंत्री ने इस अवसर पर कुछ स्वच्छता दीदियों का सम्मान भी किया और अंत में हरियाणा में पुनः भाजपा सरकार के गठन पर बधाई दी।

# एक करोड़ का गांजा जब्त : जीपीएम पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## एक महीने में जब्त किया 485 किलो गांजा, मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ के 11 आरोपी गिरफ्तार

भास्कर दूत



**गौरेला-पेंड्रा-मारवाही।** गांजा तस्करों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है. इसी कड़ी में आज जीपीएम पुलिस ने 41 लाख के गांजे के साथ 2 अंतराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने 1 महीने के भीतर करीब 485 किलो गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब 1 करोड़ रुपए है.

बता दें कि सीएम साय ने रायपुर में एसपी-कलेक्टर्स की कांफ्रेंस ली थी. ष्टरूने मादक पदार्थों की तस्करी पर कार्रवाई करने और तस्करों के फॉरवर्ड बैकवर्ड लिंक ट्रेस करने पर जोर दिया था. इसी कड़ी में आज आईपीएस भावना गुप्ता ने पुनः अंतरराज्यीय गांजा तस्करी पर कार्रवाई की है. एसपी ने साइबर सेल जीपीएम और पेंड्रा थाने की संयुक्त टीम को पतगंवा के पास तैनात किया था. चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने घेराबंदी कर ङ्गरु6 वाहन में गांजा तस्करी कर रहे दो तस्करों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के पास से करीब 2 क्विंटल गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब 41 लाख रूपये बताई जा रही है. पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गांजा ओडिशा के बलांगीर क्षेत्र से मध्यप्रदेश के राजेंद्रग्राम की ओर ले जा रहे थे.

जीपीएम पुलिस ने एक महीने के भीतर तीन मामलों में लगभग 485 किलो गांजा जब्त किया है, जिसका बाजार मूल्य लगभग एक करोड़ बाते जा रहा है. वहीं पांच चारपहिया वाहन जिनकी बाजार कीमत लगभग 60 लाख है बरामद किया है.

## संक्षिप्त समाचार

### नवरात्रि में रायपुर के रियल स्टेट सेक्टर में बूम

#### बीते साल से 25 प्रतिशत अधिक रजिस्ट्री

**रायपुर।** इस वर्ष नवरात्रि में रायपुर जिले में रियल स्टेट सेक्टर में काफी बूम देखने को मिल रहा है। इस बार नवरात्रि के दौरान तीन दिनों में एक हजार रजिस्ट्रियां हुई है, जो बीते साल नवरात्रि के शुरूआती तीन दिनों में हुई रजिस्ट्रियों से 25 फीसद से भी ज्यादा है। बीते वर्ष शारदीय नवरात्रि के शुरूआती तीन दिनों यानि 16,17 एवं 18 अक्टूबर को रायपुर जिले में कुल 796 दस्तावेज पंजीबद्ध हुए थे, जबकि इस साल नवरात्रि में 3, 4 और 7 अक्टूबर को पंजीबद्ध हुए दस्तावेजों की संख्या एक हजार है, जो कि बीते वर्ष की तुलना में 204 अधिक है। जिला पंजीयक रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस बार नवरात्रि में दस्तावेजों के पंजीयन से शासन को 14 करोड़ 6 लाख 96 हजार रूपए की आय प्राप्त हुई है जो पिछले वर्ष की तुलना में 37 लाख 11 हजार रूपए अधिक है। बीते वर्ष इसी अवधि में 796 दस्तावेजों के पंजीयन से शासन को 13 करोड़ 69 लाख 85 हजार रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ है।

### एम्स कर्मचारी हुआ ठगी का शिकार

#### ऑनलाइन कमाई का झांसा देकर 3.24 लाख ठगा

**रायपुर।** एम्स अस्पताल का कर्मचारी त्रिलोकचंद पात्रे ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गया। शातिर ठग ने वाट्सएप पर मैसेज करके ऑनलाइन काम करने का झांसा व पैसा कमाने का लालच देकर अलग-अलग बैंक खाते में 3.24 लाख रुपये जमाकर ठगी की। शिकायत पर कबीरनगर थाना पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है। कबीरनगर पुलिस के मुताबिक वीर कुंवर सिंह कालोनी हीरापुर(जरवाय) निवासी त्रिलोक चंद पात्रे(31) एम्स अस्पताल में आयुष्मान विभाग में कार्यरत है। दो जून से 15 जून 2024 के बीच त्रिलोकचंद के वाटसएप नंबर पर आनलाइन काम करने पर पैसा कमाने का मैसेज आया। इसके बाद निशा सुथीर नामक शख्स ने काल करके कहा कि काम सीखने के दौरान आपकों एक हजार रुपये बोनस मिलेगा। इस तरह से ठग ने विश्वास जमाने बैंक खाते में एक हजार बोनस भी भेज दिया।फिर टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर ठग ने 10,500 रुपये लगाने पर रोज दो से चार हजार रुपये तक कमाने का लालच दिया।



#### ऐसे झांसे में लेकर खाते में जमा करवाया पैसा

ठग ने त्रिलोकचंद टास्क पूरा करने को कहा, जब त्रिलोकचंद ने टास्क पूरा किया तो उसके खाते में 13,500 रूपये जमा किया गया। भरोसा बढ़ने पर ठग ने छह जून को 10,500 रूपये बताए गए खाते में जमा करवाया।

# राजधानी में तेज बारिश से सड़कें जलमग्न

## एकात्म परिसर में घुटनों तक भरा पानी



**रायपुर.** राजधानी में मंगलवार को मौसम का मिजाज बदला हुआ है. दोपहर में तेज बारिश से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली है. वहीं तेज बारिश से सड़कें जलमग्न हो गई है. गुढ़ियारी इलाके के कई घरों में पानी भर गया है. राजबंधा मैदान स्थित भाजपा एकात्म परिसर में भी घुटने तक पानी भरा हुआ है। घरों में पानी भरने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. बता दें कि मौसम विभाग ने तीन दिनों के लिए बारिश का अलर्ट जारी किया है. राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में आज बारिश हुई।

# गरबा रास का आयोजन में गैर हिंदुओं का प्रवेश निषेध - शिवसेना

भास्कर दूत



**बलौदा बाजार-भाटापारा।** शिवसेना जिला मिडिया प्रभारी निलेश मानिकपुरी ने कहा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जगत जननी मां दुर्गा की भक्ति के महापर्व शरदीय नवरात्र के पावन अवसर पर विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों में गरबे का आयोजन किया जा रहा है किन्तु पिछले कुछ वर्षों से देखा जा रहा है कि इन पंडालों में गैर हिन्दू भी प्रवेश कर रहे हैं शिवसेना जिला मिडिया प्रभारी निलेश मानिकपुरी ने इन दुर्गा पंडालों के आयोजको एवं आयोजन समिति से कहा है कि वह पंडालों के बाहर गैर हिंदुओं का प्रवेश निषेध की एक बड़ी तख्ती लगावे । और यदि संभव हो सके तो आधार कार्ड जांचने के पश्चात हि श्राद्धलुओ को पंडालों में प्रवेश देवे साथ ही पंडालों में स्वयं सेवक नियुक्ति करे ताकि ऐसे गैर हिंदुओं को प्रवेश से रोका जा सके इसके साथ ही शहर के असमाजिक तत्वों नशीली पदार्थ सेवन करके आते हैं उस पर प्रतिबंध लगाए जावे। क्योंकि यह सनातनी पर्व शक्ति का साधना है इसके दुरूपयोग से सनातन धर्म का अपमान होता है। और समस्त गरबा पंडालों में अश्लील वस्त्र या शरीर दिखाने वाला वस्त्रो से सुसज्जित महिलाओं माताए बहनो से भी हमारा आग्रह है । कि धर्म की मर्यादा का पालन करते हुए शालिन पोशाको में हि इस गरबा आयोजन में आवे ताकि गैर हिंदुओं को कुछ बोलने का मौका न मिल सके । हम हिन्दू है और हमारे संस्कृति सभ्यता को ध्यान में रखते हुए सनातन धर्म का मर्यादा मान सम्मान बढ़े। ऐसा वेशभूषा में सम्मिलित होकर प्रत्येक व्यक्ति तिलक लगाकर अभिनय करे । जिससे हमारे आने वाले युवा पीढ़ी संस्कारवान हो।

# चंगोराभांठा मंदिर की जमीन को कूटरचना कर भू-माफिया को बेचने का मामला

## राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने सात दिनों में कलेक्टर को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

भास्कर दूत



**रायपुर।** राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने राजधानी रायपुर की चंगोराभांठा स्थित मंदिर को दान में दी गई भूमि को कूटरचना कर भू-माफिया को बेचने के मामले में एक सप्ताह के भीतर जांच कर कलेक्टर रायपुर को प्रविवेदन प्रस्तुत करने तथा नियमानुसार दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। राजस्व मंत्री के समक्ष डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड क्र. 68 के चंगोराभांठा महादेव तालाब पर स्थित सीरवेश्वर नाथ महादेव मंदिर व उसकी 4.40 एकड़ जमीन भूमाफिया को नियम विरूद्ध बेचने और अवैध प्लाटिंग से संबंधित प्रकरण पर आवश्यक कार्रवाई के लिए क्षेत्र के निवासियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है। यह भूमि पटवारी हल्का नं. 105 खसरा नं. 84 तहसील जिला-रायपुर में स्थित है। यह भूमि रिंगरोड पर श्याम पेट्रोल पंप के पीछे व अभिनंदन पैलेस के बाजू की है। गौरतलब है कि महादेव तालाब के किनारे जमींदार गोविंदधर ने महादेव तालाब के किनारे 11 एकड़ जमीन (पांच एकड़ कृषि के लिए, साढे चार एकड़ तालाब के लिए तथा डेढ एकड़ तालाब के चारों ओर आने जाने का मार्ग) ग्राम समाज को मंदिर के लिए दान में दी गई थी। भू-स्वामी गोविंदधर की वर्ष 1976 में मौत के बाद मंदिर के सेवक जयलालपुरी वल्द नरोत्तम पुरी ने कूटरचना कर स्वयं को मंदिर तथा मंदिर से लगी जमीन का सर्वराकार बना लिया। जयलाल पुरी ने यह जमीन अवैध रूप से 1989 में भूमाफिया संजय अग्रवाल को बेच दी जबकि ट्रस्ट के प्रबंधक तत्कालीन कलेक्टर थे। कूटरचना कर यह बताने का प्रयास किया गया कि, वास्तविक भूस्वामी गोविंदधर निहंग साधु था तथा उसके कोई संतान नहीं हैं। जबकि रायपुर ब्राह्मणपारा निवासी गोविंदधर के पुत्र बलरामधर तथा उनके पुत्र प्रणव कुमार दीवान उनके वारिस हैं।

## गरियाबंद में जिला प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल पीएम आवास मेला में हुए शामिल

# आवास में किसी ने रिश्वत मांगी तो होगी कड़ी कार्यवाई

भास्कर दूत

**गरियाबंद । जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल आज प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत गरियाबंद के मंगल भवन आयोजित आवास मेला में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने आवास मेला में 10 लाभार्थियों को उनके नवनिर्मित आवासों की चाबी सौंपी।**








उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के 10 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र भी प्रदान किया।कार्यक्रम में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग छत्तीसगढ़ शासन जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल सांसद रूपकुमारी चौधरी विधायक रोहित साहू नपा अध्यक्ष गफ्फू मेमन जनपद अध्यक्ष लालिमा ठाकुर भी आवास मेला में शामिल हुए। प्रभारी मंत्री दलायदास बघेल ने आवास मेला को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य हर गरीब को सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराना है। छत्तीसगढ़ सरकार इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए लगातार प्रयासरत है।प्रधानमंत्री हर गरीब का पक्का मकान का सपना पूरा कर रहे हैं। हमारी सरकार बनते ही हमने अगले दिन 18 लाख आवासों की स्वीकृति दी। इनमें से आठ लाख मकानों के लिए पहली किस्त भी जारी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि गरियाबंद जिले में 42735 आवास पूर्ण हो गए हैं। नए स्वीकृत आवासों के लिए पहली किस्त भी जारी कर दी गई है। बघेल ने कहा कि हर किसी का सपना होता है कि उसका अपना एक घर हो, जिसमें वह अपने परिवार के साथ सुरक्षित और सुकून भरा जीवन बिता सके। आर्थिक कठिनाइयों और सीमित आमदनी के कारण गरीब परिवारों को यह केवल सपना ही लगता था। प्रधानमंत्री आवास योजना अब गरीबों के इस सपने को हकीकत में बदल रहा है आवास में जिनका नाम छूट गया था ऐसे 24735 परिवारों को शामिल किया गया , वही 20 हज़ार परिवार की आवास स्वीकृति भी हो चुकी है सांसद रूपकुमारी चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना से राज्य के लाखों परिवारों का जीवन स्तर ऊंचा उठ रहा है।

रेलवे की नई व्यवस्था

# ट्रेन में टीटीई से बचकर भागना अब मुश्किल, वॉकी-टॉकी से पकड़े जाएंगे बिना टिकट यात्री



भास्कर दूत

**रायपुर।** ट्रेन में बिना टिकट लिए सफर करने वाले यदि टीटीई को देखकर दूसरे दरवाजे से भागने की कोशिक करेंगे, तो अब टीटीई अपने साथी को उसका हुलिया तुरंत बता देंगे। इसके लिए 100 टीटीई स्टॉफ को वॉकी-टॉकी दिया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल ने यात्री सेवा को और बेहतर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। ट्रेनों के टिकट जांच कर्मचारियों, टीटीई को वॉकी-टॉकी दिया गया है। यह कदम यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और समन्वय को सुदृढ़ करने के लिए उठाया गया है। वॉकी-टॉकी उपकरणों की मदद से टीटीई आपातकालीन स्थिति में तुरंत संपर्क कर सकेंगे, जिससे त्वरित सहायता और बेहतर समन्वय सुनिश्चित होगा। इससे आरएसी और वेटिंग टिकट क्लीयर करने में भी मदद मिलेगी। अन्य कोच में बिठाए गए यात्रियों को उनकी आरक्षित सीटों पर बिठाने में सुविधा होगी।

### जरूरतमंद यात्रियों को मिल रही मदद

यात्री सेवा तथा सुविधा को और बेहतर बनाने, आपसी समन्वय के साथ सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अभिनव पहल के तहत ट्रेनों के टीटीई, कर्मचारियों को वॉकी-टॉकी उपकरण प्रदान किए गए हैं। इस उपकरण की सहायता से भनवारटंक घाट सेक्शन व दघोरा-जामगा जैसे नेटवर्क विहीन सेक्शनों में आपातकालीन स्थिति में टीटीई कर्मचारी आपसी समन्वय स्थापित कर जरूरतमंद यात्रियों को बेहतर सहायता पहुंचा पा रहे हैं। इसके साथ ही ट्रेनों के अन्य कोच में कार्यरत सहयोगी टीटीई स्टाफ आपसी समन्वय स्थापित कर आरएसी, वेटिंग टिकट क्लीयर करने तथा अन्य कोच में बैठे यात्रियों को उनके आरक्षित कोच व सीट में बैठाने जैसी बेहतर सुविधाएं भी सुनिश्चित कर रहे हैं। स्टेशन में मौजूद स्पेशल टीम से सीधे संपर्क स्थापित कर जरूरतमंद यात्रियों को भी हरसंभव सहायता पहुंचाई जा रही।

### आपसी संवाद और सहयोग होगा मजबूत

बिलासपुर-नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत ट्रेन के सभी टिकट जांच स्टाफ को वॉकी-टॉकी उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। इसका उद्देश्य ट्रेन संचालन में सुधार लाना और यात्रियों को बेहतर सेवा प्रदान करना है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक- **दुष्यन्त दास** द्वारा 602, अशोका रत्न, ब्लॉक नं. 14, 6th फ्लोर शंकर नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़ प्रिंटर्स एन्ड पब्लिशर्स, अनंत विहार कॉलोनी, दलदल सिवनी मार्ग , मोवा-रायपुर (छत्तीसगढ़) से मुद्रित । मो. 9406242401, (सभी विवादों का न्यायक्षेत्र रायपुर न्यायालय होगा)। Email- bhaskardootraipur1@gmail.com